श्रीरामानन्ददर्शनशोधसंस्थानग्रन्थमाला का ९४ वां पुष्प

सर्वेश्वरश्रीसीतारामाभ्यां नमः

श्रीहनुमते नमः

प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकाराय नमो नमः

आनन्दभाष्यसिंहासनासीनजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी

प्रणीत प्रकाश किरण सहिता

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्यप्रणीता

वेदार्थचन्द्रिका

प्रकाशक

श्रीयुतखोजीदेवाचार्यपीठाधीश्वर काठियापरिवाराचार्य
श्रीवैष्णवभूषण श्रीनारायणदासजी महाराज
त्रिवेणीधाम-जयपुर

सम्पादक

आनन्दभाष्यसिंहासनासीनजी

तिथि

श्रीआनन्दभाष्यकार जी की ७०८ वीं जयन्ती ता.२९-०१-२००८ मंगलवार

टाइप सेटिंग- श्रीआनन्दभाष्यमुद्रणालय श्रीकोसलेन्द्रमठ अहमदाबाद-७

मुद्रणस्थल- श्रीरामानन्द ऑफसेट कांकरियारोड- अहमदाबाद-२२

श्री वैष्णवसिद्धान्तकल्पद्रूम

यस्माद्विश्वमुदेतियेनलभतेसंरक्षणंशाश्वतम् यस्मिन्नप्ययमेति योहि सततं कारुण्य वारां निधिः ।
यः कल्याणगुणाकरस्त्रिजगतः श्रेयः परम्प्रापकस्तं ब्रह्मार्चित पाद पद्म युगलं रामाख्यमीशंनुमः ॥

卐 सर्वेश्वर श्रीसीतारामाभ्यां नमः 卐

卐 उपकृतिस्मृतिः 卐

परमार्थपरायण श्रीवैष्णव कुलभूषण श्रीयुत श्रीखोजीदेवाचार्य पीठाधीश्वर काठियापरिवाराचार्य श्रीब्रह्मपीठाधीश्वर अनन्तश्रीविभूषित श्रीयुत श्रीनारायणदासजी महाराज के उदार सौजन्यता से यह श्रीरामानन्द वेदान्त दर्शन साहित्य खजाने का अमूल्य रत्न वेदार्थचन्द्रिका प्रकाशित होकर के आप सबों के समक्ष में उपस्थित है।

यह दर्शन जगत् का अमूल्य रत्न विक्रम संवत् २०४३ में प्रकाशित हुआ था तब '**शरीरंव्याधिमन्दिरम्** इस दार्शनिक उक्ति के अनुसार प्रोष्टेट सम्बन्धी व्याधी से ग्रस्त था चाहिये उस प्रकार संशोधन कर नहीं पाया अब २०६४ में इस का द्वितीय आवृत्ति का प्रसंग उपस्थित हुआ तब किड्नी सम्बन्धी व्याधीसे विशेष ग्रस्त हो गया अतः चाहते हुये भी इसका विशेष संशोधन या परिस्कार करना संभव नहीं हो सका "**होइ है सोई जो राम रचि राखा**" केवल स्थूल सूचीपत्र ही देपाये। प्रकाश एवं किरण सम्बन्धी सूचीपत्र की विशेष आवश्यकता थी वह इसवार भी नहीं दे पाये। मूल ग्रन्थ का विशेष स्पष्टीकरण यत्र तत्र किरण में हुआ है। पाठक वर्गो से यह आकांक्षा रखते हैं कि इन तीनों रत्नों का स्वाध्याय कर विभ्रमवशात् स्खलित विषयों को सप्रमाण सूचित करें ताकि दूसरी आवृत्ति में उधर ध्यान दिया जा सके। श्रीयुत काठियापरिवाराचार्यजी महाराज को अनेक धन्यवाद जिन्होने इन श्रीरामानन्द वेदान्त दर्शन साहित्य के अमूल्य रत्नों को आप सबों के समक्ष में प्रस्तुत कर हमारे भार को हलका कर दिये।

श्रीआनन्दभाष्यसिंहासनासीन

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचायश्रीरामश्वरानन्दाचार्यजी

卐 सर्वेश्वर श्रीसीतारामाभ्यां नमः 卐

पूजारि श्रीरामरिक्षपालदास विरचितम्

卐 अथ श्रीगुरुपरम्परा वन्दनम् 卐

सीतानाथ समारम्भां रामानन्दार्य मध्यमाम्। अस्मदाचार्य पर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥१॥

श्रीसीतापति प्रभु सर्वेश्वरश्रीरामजी से जो आरम्भ हुई है तथा जिसके मध्य में प्रस्थानत्रयों में आनन्दभाष्यकार जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचाय महाप्रभु हैं, ऐसी हमारी श्रीगुरु महाराज पर्यन्त प्राप्त आचार्य-परम्परा की मैं वन्दना करता हूं ॥१॥

ब्रह्म **परात्परं रामं बन्देऽहं करुणाकरम्। श्रीजगदीश्वरीं वन्दे, जानकीं रामवल्लभाम् ॥२॥**

परात्पर ब्रह्म जो सारे ब्रह्माण्ड में व्याप्त हैं और अंश मात्र से सब में उसका विस्तार है जो करुणा के धाम हैं (उन सर्वेश्वर) श्रीरामजी की मैं वन्दना करता हूं तथा श्रीरामजी की परम प्रिया समस्त प्राणियों की आधार भूत ईश्वरी श्रीजानकी जी की (मैं) वन्दना करता हूं ॥२॥

हनुमन्तं कपीशञ्च नमानि चतुराननम्। वशिष्टञ्च सदावन्दे पराशरं परंधनम् ॥३॥

वानरराजजी श्रीहनुमानजी और चार मुख वाले श्रीब्रह्माजी तथा श्रीवशिष्टजी, परमधन श्रीपाराशरजी की (मैं) सर्वदा वन्दना करता हूं ॥३॥

वेदव्यासं तु वन्देऽहं शुकदेवं परं गुरुम्। आचार्यपरमं वन्दे वेदज्ञं पुरुषोत्तमम् ॥४॥

श्रीवेदव्यासजी एवं परम गुरु श्रीशुकदेवजी की मैं वन्दना करता हूं षड्दर्शन सूत्रों के वृत्तिकार वेदतत्वज्ञ महापुरुष श्रीपुरुषोत्तमाचार्यजी-बोधायन की (मैं) वन्दना करता हूं ॥४॥

गंगाधरं गुरुं वन्दे सदाचार्यञ्च सद्गुरुम्। रामेश्वरं वराचार्यं द्वारानन्दञ्च वन्दनम् ॥५॥

श्रीगुरुदेव श्रीगंगाधराचार्यजी और सद्गुरु श्रीसदाचार्यजी की (मैं) वन्दना करता हूं। श्रेष्ठ श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी तथा श्रीद्वारानन्दाचार्यजी की (मैं) वन्दना करता हूं। ॥५॥

देवाचार्यं तु वन्देऽहं श्यामानन्दं परं गुरुम्। श्रुतानन्दं गुरुंवन्दे चिदानन्दं हि सद्गुरुम् ॥६॥

श्रीदेवाचार्यजी और परमगुरु श्रीश्यामानन्दाचार्यजी की मैं वन्दना करता हूं। श्रीगुरुदेव श्रीश्रुतानन्दाचार्यजी एवं श्रीचितानन्दाचार्यजी सद्गुरु की (मैं) वन्दना करता हूं ॥६॥

पूर्णानन्दं तु वन्देऽहं श्रियानन्दं गुरुंभजे। हर्यानन्दञ्च वन्देऽहं राघवं भव तारणम् ॥७॥

श्रीपूर्णानन्दाचार्यजी महाराज की (मैं) वन्दना करता हूं श्रीगुरुदेव श्रीश्रियानन्दाचार्यजी का (मैं) भजन करता हूं श्रीहर्यानन्दाचार्यजी और संसार सागर से उद्धार करने वाले श्रीराघवानन्दाचार्यजी की (मैं) वन्दना करता हूं ॥७॥

यतिराजेश्वरं वन्दे रामानन्दं जगद्गुरुम्। अनन्तानन्दं देवञ्च वन्देऽहं जैसगीं गुरुम् ॥८॥

यतियों के ईश्वर आनन्दभाष्यकारजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी की (मैं) वन्दना करता हूं श्रीअनन्तानन्ददेवाचार्यजी और गुरुश्री जैसगीं जी (स्वामीजी) की (मैं) वन्दना करता हूं ॥८॥

गयेशदास शिष्याय लक्ष्मीदासाय ते नमः। श्रीलक्ष्मीदासशिष्यं च माधवं सद्गुरुंभजे ॥९॥

श्रीगयेशदासजी के शिष्य श्रीलक्ष्मीदासजी को नमस्कार अर्थात् सादर प्रणाम करता हूं। एवं श्रीलक्ष्मीदासजी के शिष्य श्रीयुतमाधवदासजी सद्गुरुदेवजी को साद्र नमन करता हूं ॥९॥

नमामि चतुरानन्दं क्षेम दासं परं हितम्। रामदासं हि सिद्धानां रघुनाथं नमोऽस्तुते ॥१०॥

श्रीचतुरान्द (श्रीखोजीजी श्रीखोजीदेवाचार्यद्वारपीठाधीश्वर श्रीयुत राघवेन्द्राचार्यजी) एवं परम हितैषी श्रीक्षेमदासजी की (मैं) वन्दना करता हूं। सिद्धों में परम सिद्ध श्रीरामदासजी (एवं) श्रीरघुनाथदासजी को मैं नमस्कार करता हूं ॥१०॥

ब्रह्मदासं मुनीन्द्रंयो जगन्नाथं नमाम्यहम्। सिद्धं भरतदासञ्च, वन्देऽहं करुणार्णवम् ॥११॥

जो मुनियों के भी ईश्वर ऐसे श्रीब्रह्मदासजी महाराज और श्रीजगन्नाथदासजी महाराज को मैं नमस्कार करता हूं। जो सिद्ध और दया के सागर हैं ऐसे श्रीभरतदासजी महाराज की (मैं) वन्दना करता हूं। ॥११॥

स्थापकं परमं दिव्यं, त्रिवेणीधामपीठकम्। गंगादासं परं सिद्धं वन्देऽहं करुणानिधिम् ॥१२॥

जो परम दिव्य धाम त्रिवेणी पीठ के संस्थापक परमसिद्ध (दीनों के लिये) दया समुद्र ऐसे श्रीगंगादासजी महाराज की (मैं) वन्दना करता हूं। ॥१२॥

योगिशं जानकीदासं वन्दे ध्यान परायणम्। रामादासं विद्वतराजं सिद्धञ्च सिद्धिदायकम् ॥१३॥

जो ध्यान में रत रहने वाले योगिराज श्रीजानकीदासजी महाराज और परम सिद्ध तथा सिद्धियों के देने वाले विद्वतराज श्रीरामदासजी महाराज की (मैं) वन्दना करता हूं। ॥१३॥

श्रीमद् भजनदासञ्च परंहंसं नमो नमः । महान्तं ब्रह्मनिष्ठं श्रीभगवंतं गुरोर्गुरुम् । ।।१४।।

परमहंस श्रीमद् भजनदासजी महाराज और गुरुओं के भी गुरु महात्मा (एवं महान् पुरुष) श्रीभगवानदास गुरुदेवाचार्यजी महाराज को बारम्बार प्रणाम तथा नस्कार करता हूं ।।१४।।

दासंनारायणं वन्दे गुरुं वैष्णावभूषणम् । रामरिक्षपालदासः कृत्वा गुरुपरम्पराम् । ।।१५।।

लब्धः परमसन्तोषं सद्गुरोश्चानुकम्पया । ये पठन्ति सदा भक्त्या ते यान्ति परमं पदम् ।।१६।।

जो श्रीवैष्णव कुल- भूषण उपाधि से विभूषित हैं, (उन) परम गुरुदेव श्रीखोजीदेवाचार्यपीठाधीश्वर काठिया परिवाराचार्य श्रीमहन्त श्रीनारायणदासजी महाराज की (मैं) वन्दना करता हूं। रामरिछपालदास पुजारी ने इस गुरु परम्परा की रचना करके सद् गुरुदेव भगवान् (श्रीनारायणदासजी महाराज की अनुकम्पा) महतीकृपा से परम सन्तोष प्राप्त किया है। जो भी (नर या नारि) इस गुरु परम्परा को सदा भक्ति पूर्वक पढते हैं अथवा पढ़ेंगे वे परमपद को प्राप्त करेंगे ।।१५-१६।।

॥ "त्रिवेणी धाम का संक्षिप्त परिचय" ॥

भारत वर्ष राजस्थान प्रान्त का प्रमुख स्थल सुशोभित सकल कलिकल्मषहारिणी माँ त्रिवेणी गंगा के पावन तट पर भारतीय संस्कृति के तपोमूर्ति ऋषिराज श्री श्री १००८ श्रीगंगादासजी महाराज के कर कमलों द्वारा स्थापित त्रिवेणी- धाम आश्रम है। जो जयपुर-दिल्ली रोड़ शाहपुरा से १० कि.मी. पश्चिम दिशा में पहाड़ियों के परकोटा के मुख्य द्वार पर अवस्थित है। वीतराग तपोधन श्रीगंगादासजी महाराज का आविर्भाव सन् १७१७ में ग्राम हथौरा-सीकर राजपूत परिवार में हुआ। आप अपने माता-पिता श्रीमती मगन कुंवर एवं श्रीमनोहरसिंह की इकलौती सन्तान होने के उपरान्त भी आप १० वर्ष की बाल्यावस्था में ही गृह त्याग कर साधु बन गये। आप अपने माता-पिता से शादी की चर्चा सुनकर घर से बिना कहे ही चले गये और पुष्कर तीर्थ में जाकर साधुओं की जमात में शामिल होकर अयोध्या गये । वहां पर श्री अयोध्या-वासुदेवघाट श्रीकाठिया मन्दिर के महन्त श्रीभरतदासजी महाराज से विरक्त दीक्षा पंचसंस्कारादि ग्रहण करके श्रीगुरुदेव की आज्ञा से भगवान् नृसिंह देव पूजा सन्त सेवा भजनादि करते रहे। दीर्घ समय के बाद जब माता-पिता को पत्ता लगा तब वे अयोध्या गये और उनसे मिले। माता-पिता ने उनके गुरुजी से प्रार्थना की हम अब वृद्ध हो गये है, हमारे ये ही एक सन्तान हैं। श्रीगंगादास जी ने इन्कार कर दिया अब गृहस्थ न बनकर आजीवन सन्त ही रहेंगे देश का कल्याण करेंगे। पुनः माता-पिता ने आग्रह किया अपनी जन्मभूमि में लौटकर चले हमें दर्शन देते रहें। श्रीगुदेव भरतदासजी की आज्ञा एवं माता-पिता के आग्रह से जन्मभूमि आ गये और त्रिवेणी-धाम से १या२ कि.मी. दूर पर पश्चिम की ओर पहाड़ी में जहां श्रीजगदीश भगवान् का मन्दिर हैं वहां पर रह कर तपस्या करने लगे। १२ वर्ष वहां तपस्या करके फिर यहां त्रिवेणी आये। उस समय यहां बीहड़ जंगल था। इस जगह (स्थान) का नाम गोसाईबाड़ा था। श्रीगंगादासजी महाराज ने यहां तपस्या करी और श्रीनृसिंह भगवान् का विग्रह एवं मन्दिर बनवाकर स्थापना करी। उनके समय में

यहां शेर चीता, जंगली जानवर ही रहते थे। मनुष्य का आना- जाना बहुत ही कम था श्रीगंगादास जी महाराज के यहां विराजने के बाद ही त्रिवेणी नाम विख्यात हुआ।

कहते है कि पहले त्रिवेणी गंगा की दो धार ही थी। एक धार श्रीगंगादासजी ने प्रकट करी। तब से त्रिवेणी नाम हुआ। उनके तपस्या के प्रमाण यहां कण कण में विद्यमान हैं। यहां की धूलि से आज भी रोगियों के रोग कटते हैं। श्रीगंगादासजी के बाद में उन्ही के शिष्य योगिराज श्रीजानकीदासजी पदासीन हुए। ये योगी थे। अपने योग बल से जल को दूध पानी को घृत घृत को पानी बना देते थे। आप कुछ ही क्षण में कहीं के कहीं चले जाते थे फिर उन के बाद में उन्ही के शिष्ट श्रीरामदासजी महाराज विराजमान हुये। आप इस क्षेत्र के अद्वितीय विद्वान् थे। आप ने गीता भागवत आदि ग्रन्थों की टीका भी लिखी हैं आपके निर्वाण के बाद में आपके ही शिष्य श्रीभजनदासजी महाराज विराजे। आप परमहंस थे। आपके लिये स्त्री-पुरुष में कोई भेद नहीं था आप अलवर शाहपुरा जयपुर आदि बड़े-बड़े राजघरानें में जाते और रानियों की गोद में जाकर छोटे बच्चे की तरह बैठ जाते थे। बच्चों की तरह ही उनका स्वभाव था। जैसे छोटे बच्चे को प्रेम से जैसे करावों वैसे ही वे करने लग जाते थे। उन परमहंस श्रीभजनदासजी के बाद में उन्हीं के शिष्य श्रीभगवानदासजी महाराज विराजमान हुये। श्रीभगवानदासजी महाराज की दिव्य दृष्टि थी। वह अपनी दिव्य दृष्टि के द्वारा भविष्य में क्या होगा ? वह सब जान लेते थे। शाहपुरा ठिकानें के श्रीराव प्रताप सिंहजी आदि उनके शिष्य थे। श्रीभगवानदासजी यहां गुफा में बैठे-बैठे ही सारे संसार की गति विधि बता देते थे। आपने बड़े-बड़े चमत्कार किये हैं। राजस्थान क्षेत्र में बोरिंग, कुवें बहुत से करवा दिये हैं। जिन में अथाह पानी है। वे आकाश-पाताल की गति विधि जानते थे। आपने इस क्षेत्र का बहुत सुधार किया। आप त्रिवेणी धाम की गद्दी पर १०० वर्ष से अधिक समय विराजमान रहे, आपके बाद में आपके शिष्य श्रीनारायणदासजी महाराज विराजमान हुए।

श्रीनारायणदासजी महाराज का जन्म विक्रम सम्वत् १९८४ में आश्विन (आसौज) बदी ७ (सप्तमी) को त्रिवेणी एवं शाहपुरा के बीच चिमनपुरा ग्राम में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आपकी पूज्या श्रीमाताजी का नाम श्रीमती भूरी बाई एवं पिताजी का नाम श्रीरामदयालजी था। आप चार भाई और तीन बहिनें थी। आपके तीन भाई और एक बहिन क्षय रोग से खत्म हो गये। आपको भी बचपन में ही क्षय रोग लग गया था। बचने की कोई आशा नहीं थी। इस कारण आपकी माताजी ने बाबा श्रीभगवानदासजी के चरणों में समर्पित कर दिया। श्रीभगवानदासजी महाराज की शरण में आये बाद में श्रीनारायणदासजी महाराज स्वस्थ हो गये और स्थान का कार्य भार देखने लगे। श्रीनारायाणदासजी ने अपनी जन्मभूमि में पुराना मन्दिर था उसका जीर्णोद्धार कराकर श्रीसीतारामजी की मूर्ति विराजमान करी और अपनी छोटी बहिन अनोफ बाई को सेवा-पूजा का भार सौंप दिया। इस मन्दिर का जीर्णोद्धार विक्रम सम्वत् २०१७ में हुआ था। श्रीनारायणदासजी महाराज श्रीबाबा भगवानदासजी के सान्निध्य में बहुत ही कठोर तपस्या व्रत आदि करते थे (१२) बारह वर्ष तक तो ग्रीष्म ऋतु में सूर्य की धूप में १२ बजे से ३ बजे तक बालू (मिट्टी) में तपते थे। सर्दी में त्रिवेणी गंगा में रात्रि के

११ बजे से २ तक खड़े रह कर श्रीराम मन्त्र का जप करते थे। वर्षा ऋतु में श्रीजगदीश भगवान् के मन्दिर के पास पहाड़ पर बैठ कर श्रीराम मन्त्र का जाप करते थे। आप तपस्या काल में महिनो-महिनों भर बिना अन्न खाये ही रह जाते थे। और मौन रहते थे। श्रीभगवादासजी महाराज के साकेत वास के बाद में मार्गशीर्ष सुदी १५ गुरुवार विक्रम सम्वत् २०२८ सन् १९७१ को विशाल भण्डारा हुआ और उसी दिन श्रीनारायणदासजी महाराज का गद्दी-अभिषेक हुआ। यहां त्रिवेणी धाम में जितने भी निर्माण कार्य हुए सब श्रीनारायणदासजी महाराज के कर कमलों द्वारा ही हुए हैं। मन्दिर-भण्डार सन्त निवास सत्संग भवन रामलीला भवन गौशाला यज्ञशाला। यह यज्ञशाला तो विश्व में अपना पहला स्थान रखती है ऐसी और यज्ञशाला विश्व में दूसरी नहीं है। मन्दिर में और श्रीगंगादासजी महाराज की छतरी में श्रीभगवानदासजी की छतरी में संकीर्तन एवं श्रीरामचरितमानस पाठ हो रहा हैं। १५०० गायें और ५०० सन्त स्थान में स्थायी रहते हैं। फार्म में खेती करते है और खेत के चारों तरफ परकोटा है। श्री त्रिवेणी धाम की शाखायें बहुत हैं। सारे भारत में फैल रही हैं। श्रीनारायणदासजी महाराज ने बहुत से मन्दिरो का जीर्णोद्धार करवाया हैं। बहुत से विद्यालयों का निर्माण एवं बहुत सी चिकित्सालय - धर्मशालादि का निर्माण करवाया। आपका जीवन ही परोपकारमय हो गया है।

श्रीखोजीजीद्वाराचार्य श्रीब्रह्मपीठाधीश्वर काठियापरिवाराचार्य श्रीनारायणदेवाचार्य जी महाराज, डाकोर गुजरात एवं त्रिवेणी धाम शाहपुरा, जयपुर।

श्रीनारायणदासजी महाराज द्वारा यज्ञ सम्पन्न हुये उनकी नामावली इस प्रकार से है:-

१-श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक चैत्र सुदी १ बुधवार विक्रम सम्वत् २०३० सन् १९७३ चैत्र सुदी १० गुरुवार तक त्रिवेणी धाम में।

२-वेद माता श्रीगायत्री पुरश्चरण चतुष्टय एवं नवकुण्डात्मक महायज्ञ चैत्र सुदी १ शनिवार विक्रम सम्वत् २०३२ में चैत्र सुदी ९ रविवार विक्रम सम्वत् २०३२ तक सन् १९७५।

३- श्रीरामयज्ञ पंचदिवसीय ग्राम धोला में विक्रम सम्वत् २०३६।

४-श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक ग्राम छारसा में।

५- श्रीराममहायज्ञ नवकुण्डात्मक बाणगंगा (बंगला) में।

६-श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) चैत्र बुदी ५ शुक्रवार विक्रम सम्वत् २०४८ सन् १९९३ त्रिवेणीधाम में।

७- श्रीराम महायज्ञ नव (९) कुण्डात्मक वैशाख सुदी ७ गुरुवार विक्रम सम्वत् २०५० सन् १९९३ ग्राम अरजुनपुरा में।

८- श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक पौष सुदी १५ गुरुवार विक्रम सम्वत् २०५३ सन् १९९७ हीरानन्दानी गार्डन पवई- ४०००७६ में।

९-श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक चैत्र बदी ५ शनिवार विक्रम सम्वत् २०५३ सन् १९९७ त्रिवेणी धाम में।

१०- श्रीराम महायज्ञ नव (९) कुण्डात्मक मार्गशीर्ष सुदी १२ मंगलवार विक्रम सम्वत् २०५५

सन् १९९८ श्रीडाकोर धाम गुजरात में।

११- श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक पौष बदी ९ शनिवार विक्रम सम्वत् २०५५ सन् १९९८ पवई मुम्बई में।

१२- श्रीराम महायज्ञ नव (९) कुण्डात्मक वैशाख सुदी १ गुरुवार विक्रम सम्वत् २०५३ दिनांक सन् १।४।१९९६ श्रीजगदीश भगवान् के मन्दिर पहाड़ों में।

१३- श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक चैत्र बदी ५ रविवार विक्रम सम्वत् २०५५ सन् १९९९ में ए.बी. रोड़ सन्त नगर, इन्दौर में।

१४- श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक दि.१।२।२००५ से ९।३।२००५ तक नन्दीग्राम स्टेडियम इन्दोर मध्यप्रदेश में।

१५- श्रीराममहायज्ञ अष्टोत्तरशतात्मक पौष वदी ५ शनिवार संवत् २०६३ सन् २००२००६ धूलिया महाराष्ट्र में।

१६- श्रीराम महायज्ञ अष्टोत्तरशत (१०८) कुण्डात्मक वैशाख बदी १ मंगलवार विक्रम सम्वत् २०६४ सन् २००७ त्रिवेणीधाम शाहपुरा में।

१७- श्रीराम महायज्ञ इक्यावन (५१) कुण्डात्मक ज्येष्ठ सुदी ५ सोमवार विक्रम सम्वत् २०६४ सन् २००७ बाण गंगा बंगला घाटी घटवारी में।

१८-श्रीमद् भागवत् पाठ दिनांक २५।४।२००६ त्रिवेणी धाम, शाहपुरा में।

(श्रीजगदीश महायज्ञ)

१९- श्रीरामचरितमानस सामूहिक पाठ व महायज्ञ सन् १९८८ श्रीगोविन्द देवजी का मन्दिर जलेबी चौक, जयपुर में।

२०- श्रीरामचरितमानस पाठ व महायज्ञ त्रिवेणी धाम में सन् १९८६ में।

२१- श्रीरामचरितमानस पाठ व महायज्ञ श्रीगोविन्ददेवजी का मन्दिर जलेबी चौक, जयपुर में। यह दूसरा यज्ञ है जयपुर में।

श्रीत्रिवेणीधाम श्रीनायणदासजी महाराज द्वारा निर्माण एवं संचालित मन्दिर एवं आश्रम-

१-त्रिवेणी धाम।

२- काठिया मन्दिर, वासुदेव घाट अयोध्या।

३- काठिया खाक चौक ब्रह्मपीठ डाकोर धाम, गुजरात।

४- चिमनपुरा शाहपुरा श्रीसीतारामजी का मन्दिर।

५- श्रीअयोध्यानाथजी का मन्दिर, त्रिवेणी धाम।

६- श्रीहनुमानजी का मन्दिर. नवरंगपुरा।

७- श्रीलक्ष्मीनायण मन्दिर बंगला बाणगंगा घटवारी।

८- श्रीकौशल्यादासजी की बगीची रेल्वे स्टेशन, जयपुर।

त्रिवेणी द्वारा निर्मित धर्मधाम की स्मृति

९- श्रीसांवल दासजी की बगीची रेल्वे ऑफिस, जयपुर।
१०-श्रीजानकी वल्लभ लाल जू का मन्दिर सेठी कॉलोनी. जयपुर।
११- श्रीरामजी मन्दिर प्राचीन भूपतवाले हरिद्वार।
१२- श्रीनसिंह मन्दिर हथौरा, सीकर।
१३- श्रीरामजी मन्दिर शिव टेकरी, ओझर मध्यप्रदेश।
१४- श्रीरामजी मन्दिर शिव टेकरी ओझर मध्यप्रदेश।
१५- श्रीहनुमानजी मन्दिर किला मालेगांव, महाराष्ट्र।
१६- श्रीवंशी वाले मन्दिर जयपुर।
१७- श्रीकनक बिहारी जी का मन्दिर, गलता गेट, जयपुर।

निर्माण एवं जीर्णोद्धार

१८- श्रीकनक बिहारी जी का कनक भवन श्रीअयोध्या।
१९- श्रीहनुमानजी बाग नया घाट श्रीअयोध्या।
२०- श्रीसीताराम जी का मन्दिर लोरवाड़ा काँवट सीकर।
२१-श्रीसीतारामजी मन्दिर पीपलोद शाहपुरा, जयपुर।
२२- श्रीरामजी मन्दिर बिचपड़ी शाहपुरा जयपुर।
२३- श्रीसत्यनारायणजी मन्दिर, देवीपुरा, शाहपुरा जयपुर।
२४- श्रीलक्ष्मी नारायणजी मन्दिर, साईवाड़ शाहपुरा, जयपुर।
२५- श्रीनृसिंहजी मन्दिर, साईवाड शाहपुरा, जयपुर।
२६- श्रीरामजी मन्दिर, केली, मध्यप्रदेश।
२७- श्रीहनुमान मन्दिर जापान वालों की धर्मशाला गोर्वधन, उत्तरप्रदेश।
२८- श्रीराधाकान्त जी का मन्दिर जावनपुरा धामाई शाहपुरा।
२९- श्रीखाकी अखाड़ा अयोध्या, उत्तरप्रदेश।
३०- श्रीराम दरबार मन्दिर, शिव टेकरी ओझर मध्यप्रदेश।

श्रीनारायणदासजी महाराज द्वारा शिक्षा विद्या एवं चिकित्सालय, हॉस्पिटल:-

१- बाबा श्रीभगवानदास महाविद्यालय चिमनपुरा, शाहपुरा जयपुर।
२- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (रेफरल) हॉस्पिटल अजीतगढ़, सीकर।
३- बाबा श्रीगंगादास महिला महाविद्यालय, शाहपुरा जयपुर।
४- बाबा श्रीनारायणदास उच्च माद्यमिक विद्यालय साईवाड़ शाहपुरा।
५- वैष्णव कुलभूषण राजकीय माद्यमिक विद्यालय साईवाड़ शाहपुरा।
६- बाबा भगवानदास चिकित्सालय, बलेश्वर तहसील विराटनगर।

श्रीनारायणदासजी से निर्मित शिक्षा संस्थान

७- बाबा श्रीनारायणदास चिकित्सालय सेन्धवा, मध्यप्रदेश।
८- श्रीभूरी बाई चिकित्सालय, चिमनपुरा. शाहपुरा।
९- अनोफ बाई महाविद्यालय, चिमनपुरा शाहपुरा य
१०- केशव विद्यापीठ बाबा नारायणदास छात्रावास, जयपुर।
११- श्रीनारायणदास चिकित्सालय, काँवट सीकर।
१२- श्रीजगद्‌गुरुश्रीरामान्दाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय मदाउ, जयपुर।
१३- श्रीजगद्‌गुरुश्रीरामान्दाचार्य वैदिक छात्रावास, त्रिवेणी धाम, शाहपुरा।

शिविर आदि प्रथम राजस्थान भ्रमणशील शल्य चिकित्सा ईकाई शिविर, चैत्र बुदी ५ बुधवार स्मवत् २०३७ दिनांक २५।३।१९८१। दूसरा चैत्र बुदी १० गुरुवार विक्रम सम्वत् २०३९ दिनांक ७।४।१९८३ तीसरा भाद्रपद सुदी ३ मंगलवार विक्रम सम्वत् २०४२ दिनांक १७।६।१९८५ चौथा:- आश्विन सुदी १३ शुक्रवार विक्रम सम्वत् २०४५ दिनांक १३।१०।१९८६ नेत्र दान शिविर दिनांक १०।०४।१९९९ में।

ψ सर्वेश्वरश्रीसीतारामाभ्यां नम: ψ

बहुमुखी प्रतिभाके प्रतिक काठियापरिवाराचार्य स्वामीश्रीनारायणदासजी महाराज

कोई एक विशेष कार्य करने पर भी समाज में ख्याति प्राप्त होती है, यह बात अलग है कि वह सामाजिक ख्याति प्राप्त के लिये नहीं परन्तु अपना कर्तव्य या सेवा समझ कर कार्य कर रहा है। परन्तु सभ्य समाज व्यक्ति की कार्य निष्ठा का सम्मान करता ही है जैसे कोई संत सेवा करता है तो हम उसे संत सेवी कहकर सम्मानित करते हैं। कोई भजनानंदी कोई त्याग मूर्ती हो या ग्रन्थ सहित्य लेखक हो गौ सेवक हो या धर्म संस्थानों का निर्माण कर्ता हो तो उसे उसी के कार्य से उसकी ख्याती प्राप्त करा कर या बतला कर समाज उसे गौरवान्वित करता है। जिससे अन्यों को भी अच्छे कार्य करने कराने की प्रेरणामिलती है। यह तो एक शुभ कार्य की बात हुई। परन्तु यह सभी गुण जब एक ही किसी महापुरुष में विद्यमान हों तो गुण ग्राही समाज में वह विशेष रूप से पूजनींय होता है। और महापुरुष की कोटि में उनकी गणना होती हैं।

कहने की आवश्यकता नहीं कि श्रीरामानन्दसम्प्रदायागत ऐसे किसी महापुरष का नाम अगर आज लिया जाए तो नि: संदेह वह है पूज्यपाद वर्तमान श्रीखोजीदेवाचार्य काठिया परिवाराचार्य स्वसम्प्रदाय निष्ठ गौ संत सेवी अनेक विशाल यज्ञों के आयोजक राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम को जगद्‌गुरुश्रीरामानन्दाचार्य जी के साथ जोडने के सफल प्रयासक साहित्य प्रेमी श्रीस्वामीनारायणदासजी महाराज त्रिवेणीधाम जयपुर एवं डाकोर

निसंदेह श्रीमहन्त श्रीनारायणदासजी महाराज यथार्थ में बहुमुखी प्रतिभा के प्रतिक हैं, ऐसे महापुरुष सम्प्रदाय एवं समाज के भाग्य से कभी कभी भगवत् कृपा से विशेष प्रयोजन से प्रकट होते हैं,

ज्ञातव्य है, कभी कहीं कोई निर्माण कार्य विशेष रूप से करता है, या कोई संत सेवा में ध्यान देता है , या कोई दीन दुखियों की सेवा में अपना सर्वस्व मानता है अपना कोई साहित्य सेवा में प्रवीण होता है। परन्तु सभी कार्य एक साथ करना और सभी में एक जैसी सफलता प्राप्त करना संपूर्ण भगवत् कृपा के बिना असम्भव है ।

कहने की आवश्यकता नहीं श्रीमहन्त श्रीनारायणदासजी महाराज एक श्रेष्ठ जागरुक महापुरुष से भी श्रेष्ठ उन का कार्यहै वह तो पिछेले कितने ही वर्षो से सफलता पूर्वक कर रहे हैं। जैसे विशाल यज्ञों का आयोजन धर्म प्रचार गौ संत सेवा अनुष्ठान धार्मिक पत्र- पत्रिकाओं का प्रकाशन संत सम्मेलन विशाल कथाओं - प्रवचनों का आयोजनों द्वाराजनता को धर्म प्रेमी बनाना आदि इसके उपरान्त अभी आपने राजस्थान सरकार द्वारा निर्माणाधीन संस्कृत विश्वविद्यालय का नाम **जगद्गुरुश्रीरामान्दाचार्य संस्कृत विश्व विद्यालय** रखवाने में जो सफलता प्राप्त की है, वह आपकी सम्प्रदाय निष्ठा का अनुपम श्रेष्ठ उदाहरण है। और हम सभी के लिये प्रेरणा स्त्रोत है कि अगर निष्ठा से कोई भी संकल्प किया जाए तो वह अवश्य पूर्ण होता है ।

ज्ञातव्य है, सन् १९९७ पवई बम्बई में आपके द्वारा किये गये महायज्ञ में आनंदभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी महाराज का विशेष आमंत्रण पर पधारना हुआ । हमेशा सम्प्रदाय की चिन्ता में मग्न रहने वाले आचार्यश्री ने कर्णाति कर्ण सुना कि राजस्थान सरकार संस्कृत विश्व विद्यालय की स्थापना करना चाह रही है।'बस' आचार्यश्री के मन में विचार स्फुरित हुआ कि अगर इसका नाम श्रीजगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी के नाम पर हो तो अति उत्तम होगा। आपने यह विचार उक्त यज्ञ में श्रीमहन्त श्रीनारायणदासजी महाराज के सॉमने प्रकट किया महाराज श्री ने उसे सहर्ष स्वीकार करते हुऐ यह नाम रखवाने का हर सम्भव प्रयत्न करने का वचन दिया । यद्यपि यह कार्य इतना सहज नहीं था परन्तु सत्य संकल्प निस्वार्थ भाव एवं संपूर्ण भगवत कृपा के आगे कुछ भी असंभव नहीं होता भक्तों में ही नहीं राजनेताओं पर भी अपना प्रभाव जमाना करोड़ो का खर्च करना तन मन धन से हमेशा इस कार्य के लिये तत्पर रहना कोई सामान्य कार्य नहीं है परन्तु स्व सम्प्रदाय निष्ठ भगवत्कृपा पात्र श्रीमहन्त श्रीनारायणदासजी महाराज ने यह सब कर के सफलता प्राप्त की इस के उपरान्त आप श्रीरामानन्द सम्प्रदाय की मुख्य पीठ गलता गद्दी जो कुछ समय से विवाद ग्रस्थ है उसे भी- संपूर्ण श्रीरामानन्दसम्प्रदायागत करवाने का प्रयत्न कर रहे हैं, इतना ही नहीं कुछ हद तक उस में आपने सफलता भी प्राप्त कर ली है।

अगर कुछ व्यवधान है तो वह हमारी अपनी ही कमजोरी एवं सम्प्रदाय के संतों में मतैव्य की कमी के कारण ही है अन्यथा अन्य उक्त कार्यो की तरह इस में भी विजय श्रीआपको ही वरण कर रही थी ।

इतिहास साक्षी है जो सभी क्षेत्र में विजयी होता है उसे अपने ही परास्त करके मात्र अपने अहं को पोषने के लिये समाज सम्प्रदाय का तो अहित करते ही हैं अपने को जयचंदो का कतार में खड़ा कर जीवन भर कलंकित होते हैं ।

काश इस भगवान् श्रीराघवेन्द्र द्वारा संस्थापित उनकी इस प्रिय सम्प्रदाय में तथा कथित कुछ अनिष्ठ तत्व न होते तो कुछ सम्प्रदाय द्रोहियों कों जो आज कुछ न कुछ सम्प्रदाय पर दोष लगाने का जो मौका मिल जाता है वह न मिलता यद्यपि इस सम्प्रदाय को प्रथम से ही शुदृढ वनाने का योगदान जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरघुवराचार्यजी एवं पंडित सम्राट् स्वामीश्रीवैष्णवाचार्यजी, स्वामीश्रीरामप्रपन्नाचार्यजी योगीन्द्र स्वामी श्रीरामवल्लभाशरणजी, स्वामीश्रीरामपदार्थदासजी, पंडित श्रीअखिलेश्वरदासजी, रामायणीश्रीरामकुमारदासजी मणीपर्वत, पण्डित श्रीअवधकिशोरदासजी, श्रीप्रेमनिधिजी ने प्रथम से ही किया उपरान्त वर्तमान में भी जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी महाराज, द्वाराचार्य स्वामीश्रीनारायणदासजी महाराज , रामायणी श्रीअवधेशदासजी, दर्शन केसरी समीक्षा सम्राट् श्रीवैदेहीकान्तशरणजी जैसे स्वसम्प्रदाय निष्ठ विद्वान महापुरुष सम्प्रदाय में लगे प्रत्येक कुर्तक का उत्तर देने में सक्षम हैं। और समीक्षा ग्रन्थ एवं आक्षेप निराकृति ग्रन्थों के द्वारा सभी आक्षेपों का सफलता पूर्वक उत्तर दिया है, और आगे भी देने को तत्पर हैं, इन सभी तथ्यों से सम्प्रदाय का वह कुछ विगाड तो नहीं सकते परन्तु समय एवं धन का दुरुपयोग तो होता ही है । अस्तु

मेरी राय में स्व सम्प्रदायनिष्ठ श्रीमहन्तस्वामीनारायणदासजी महाराज सही अर्थो में आचार्य हैं, जिन्होने अपनी अपने सम्प्रदाय की अपने पद की गरिमा को अपने उत्तरदायित्व को समझते एवं वढाते हुए उक्त लिखित अनुसार यज्ञ वैष्णवाराधन श्रीसम्प्रदायाचार्य के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण के साथ साथ अब साहित्य सेवा में भी रुचि दिखाई है इसी श्रृंखला का यह श्रीरामानन्दवेदान्त दर्शन भण्डार का वेद-वेदान्त रहस्य तत्व बोधक एक ग्रन्थ आपके हाथों में है दूसरा ब्रह्मसूत्र रहस्य बोधक सद्ग्रन्थ का कार्य प्रगति पर है अतिशीघ्रहीं आप सवों के स्वाध्यायार्थ प्रस्तुत हो जायगा। यह हम सभी के लिये गौरव पूर्ण होने के साथ प्रसंसनीय एवं अनुकरणीय भी है। इति शुभम्-

ले . म. मं. श्रीरामावतारदासजी (रत्न ,
वेदान्त पीठ सारंगपुर अहमदाबाद

संक्षिप्तपरिचय

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्यजी

ले.श्रीकृष्णचन्द्र वैष्णव

१- जन्मनाम : श्रीरामप्रसादजी
२- दीक्षानाम : श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी
३- अन्य नाम तथा उपाधियां : योगीराज, योगीन्द्र, यतिराज आदि
४- सम्प्रदाय : श्रीरामानन्दीय
५- सम्प्रदायाचार्य - द्वाराचार्य : चालीसवें सम्प्रदायाचार्य
६- पिताश्री का नाम : श्रीविश्वम्भर प्रसादजी "आनन्द वर्धन"
७- मातुश्री का नाम : सुश्रीगुलाबदेवीजी
८- सम्प्रदाय गुरु श्री का नाम जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरघुवराचार्यजी वेदान्तकेसरी
९- अन्य गुरुजनो के नाम । (१) देवप्रयाग स्थित एक महात्मा- योग गुरु
१०- प्रधान शिष्यों के नाम : ज.गु. स्वामीश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी
११- गोत्र-जाति- वर्ण : त्रिप्रवरान्वित, वशिष्ट गोत्रीय शुक्ल यजुर्वेदीय कान्यकुन्ज ब्राह्मण
१२- जन्मतिथि : चैत्र शुक्ल नवमी (श्रीरामनवमी) वि. सं. १९४४
१३- सम्प्रदाय दीक्षा तिथि : वि. सं. १९७८ (ई. सं. १९२९
१४- पाटोत्सव तिथिः वि. सं. २००९ (ता. २०-११-१९५२ ई.स.)
१५- साकेतवास भाद्रकृष्ण नवमी सम्वत् २०४६ ता.२५-८-१९८९
१६- जन्म स्थान वाराणसी (उ.प्र.)
१७- सम्प्रदाय पीठ स्थान : जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ विश्रामद्वारका श्रीशेषमठ (सौराष्ट्र) तथा श्रीकोसलेन्द्रमठ अहमदाबाद ।

१८- साम्प्रदायिक रचनाये : (१) नव्य न्याय जागदीशी व्याधिकरण में संस्कृत टीका । (२) वेदरहस्य में हिन्दी टीका । (३) सिद्धान्त दीपक में किरणावली (संस्कृत) (४) ब्रह्म सूत्र आनन्दभाष्य में टीका (५) श्रीरघुवरीयवृत्ति विवरण संस्कृत टीका (६) योग सूत्र विवरण (संस्कृत) (७) तत्त्व त्रयसिद्धि (संस्कृत) मूलवादग्रन्थ (८) नव्यन्याय खंडनोद्धार' की दीपिका नामक टीका । (९) वेदार्थचन्द्रिका मूल वाद ग्रन्थ (१०) अध्यायसध्वंस लेश में संस्कृत टीका । (११) श्वेताश्वतरोपनिष में रामानन्दभाष्य (१२) चिदात्मप्रकाशः प्रभृति ।

(१९) सन्दर्भ ग्रन्थ : (१) श्रीसम्प्रदाय दिग्दर्शन (२) देशिक परिचर्या (३) श्रीरघुवराचार्य स्मृति ग्रन्थ (४) श्रीवैष्णवमताब्जभाष्कार की गुजराती टीका की भूमिका । (५) जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य पीठ पत्रिका । (६) शताब्दि स्मारिका । (७) जीवन ज्योतिनी एक झांखी ।

(२०) संक्षिप्त जीवन परिचय : सहिष्णुतां परोपकारिता, दयालुता, सरलता, सहनशीलता आदि गुण सम्पन्न पिताश्री की उदारताने उन की आर्थिक स्थिति को पनपने नहीं दिया था फिर भी गृहस्थी की गाडी चल रही थी । कुछ चाटुकार लोग उन के इन गुणो का नाजायज फायदा उठाते हुये आनन्द कर रहे थे अतः उन का उपनाम "आनन्द वर्धन" था । पतिपरायणा और सुशील मातुश्री अपने पति के अनुकूल रह कर जीवनयात्रा में पति का साथ दे रही थी । ऐसे दैविक गुण सम्पन्न श्रीवैष्णव दम्पति को एक मुक्तात्मा भगवान् श्रीरामजी के प्रसाद स्वरूप पुत्र रत्न के रूप में प्राप्त हुआ । अतः 'राम' में निष्ठा रखने वाले पिताश्री ने शिशुका नामउसकी जन्मतिथि तथा राशि के अनुसार "रामप्रसाद" रक्खा । शैशव काल से ही शिशु रामप्रसाद विभिन्न योग मुद्राओं में ही सोते थे मानो कोई शिशुरूप योगभ्रष्ट योगीराज गहरी समाधि में लीन हो । बालक रामप्रसाद अपने बाल्यकाम में ही जगत् के प्रति उदासीन रहने लगे । यह उदासीनता मातुश्री को भयजनक लगी और उन्होने अपने वात्सल्य और स्नेह से उस विरक्ती को तोडना चाहा परन्तु वे सफल मनोरथ नहीं हो सकी ।

वि. सं. १९५२ में आठ वर्ष की आयु में बालक रामप्रसाद के यज्ञोपवीत संस्कार के साथ ही द्विज कर्म अधिकारी होने पर संस्कृत शिक्षण आरम्भ हुआ । घर के धार्मिक संस्कारों की छाप बालक पर पड रही थी । मातुश्री के साथ नित्य गंगास्नान तथा भगवान् विश्वनाथ के दर्शन होते थे । मातुश्री भगवान् श्रीराम जी के चरित्र की कथा कहानियों के रूप में सुनाती रहती थी । उन चरित्रों को सुनकर शुद्ध और सरल बुद्धी सम्पन्न बालक उन कहानियों में खो जाता था । बालक रामप्रसाद को श्रीहनुमानजी की भक्ति तथा सेवा पूजा से विशेष प्रेम था । धीरे-धीरे यह प्रेम उनके जीवन का एक अंग बन गया । भक्ति तथा सेवापूजा से प्रसन्न होकर वि.सं. १९५५ में बालक रामप्रसाद की ग्यारह वर्ष की आयु में श्रीहनुमानजी ने उनको साक्षात् दर्शन दिये । उस दिन बालक भगवान् विश्वनाथ के दर्शन करके घर लौट रहा था तो उस ने देखा कि एक जिस तरह सुरसा के सामने श्रीहनुमानजी ने अपना शरीर बढ़ाया था उसी तरह उस वानर का शरीर भी बढ रहा है और बढता ही जा रहा है । यह देखकर बालक इतना डर गया कि वह बेसुध होकर वहीं गिर पडा । कुछ राहगीरों ने बालक को घर पहुंचाया । उचित उपचार के बाद बालक में चेतना का संचार हुआ परन्तु वह अत्यधिक भयभीत था । मातुश्री ने बालक को आश्वासन दिया और समझाया कि यह तो तेरे ईष्टदेव श्रीहनुमानजी ने तुझे दर्शन दिये हैं । तू तो उनका भक्त है भला भक्त को अपने भगवान् से कैसा डर ? अत्यन्त कयालु श्रीहनुमानजी अपने भोले भक्तों को कभी नहीं सताते इस आश्वासन तथा मातृप्यार से बालक को विश्वास हो गया और वह आनन्द विभोर हो गया । श्रीरामभक्त श्रीहनुमानजी के दर्शन होते ही रामप्रसाद रामभक्ति का अधिकारी हो गया ।

वि.सं. १९६२ में मातुश्री का अचानक साकेतवास हो गया इस से किशोर रामप्रसाद दिग्मूढ हो गया क्योंकि उस ने सारे संसार को अपनी मा की मूर्ति के रूप में साकार से भी विरक्त कर दिया और वह पिताश्री श्रीविश्वम्भरप्रसादजी तथा अनुज श्रीलक्ष्मणप्रसाद को सोता छोड कर घर से निकल पडे । वाराणसी के ही दों मित्र श्रीकन्हैयालाल तथा श्रीकुबेर भी उन के सहयात्री बने । ये

तीनों नन्हे सुकुमार किशोर विशाल अनजान संसार में भटकने लगे । भटकते भटकते ये लोग गंगासागर पहुंचे । वहां पहुंचते पहुंचते तीनों धनाभाव यात्रा कष्ट और लोगोंके कपटजाल के कारण बहुत दुखी हो गये । इन कष्टो से घबराकर दोनों साथी अपना धैर्य खो दिया और वापस वाराणसी जाने के लिये बेचैन हो गये । यह देखकर रामप्रसादजी ने भूख से पीडित उन दोनों को पेडे खिलाये, टिकट खरीद दिये और हावडा स्टेशन से रेल में बिठाकर वाराणसी के लिये विदा किया । दृढ निश्चयी श्रीरामप्रसादजी वहां से जगन्नाथपुरी पहुंचे । धन के अभाव से पीडित उन को अपने वस्त्राभूषण बेच देने पडे । इस प्रकार जो धन प्राप्त हुआ उस से वे रामेश्वरम् पहुंचे । परन्तु रामेश्वरम् में धनाभाव अपरिचित भाषा किशोरावस्था के कारण अवज्ञा, भोजन प्राप्त में कठिनाई वहैरह समस्यायें श्रीरामप्रसादजी का हृदय भंग करने लगी इन परिस्थितियों से घबराकर एक बार तो उन्होने संकल्प कर लिया कि वापस घर चला जाय, परन्तु दूसरे ही क्षण उन्हे मां की शिक्षा याद आ गई । मातुश्रीने कहा था कि साधु मत बनना और यदि एक बार साधु बन ही जाओ तो एक सम्पूर्ण और अच्छे साधु बनना । इस स्मृति में उन को अपने सही मार्ग से विचलित होने से बचा लिया । और उन में एक अलौकिक शक्ति भरदी इस से उन्होने समस्त कठिनायों को हंसते हुये झेलना शुरू कर दिया । फिर तो जहां चाह वहां राह के अनुसार सच्चे अर्थों में उनकी तीर्थयात्रा प्रारंभ हो गई । उन्होंने रामेश्वर धनुष्कोटि आदि तीर्थों सहितदक्षिण के समस्त तीर्थों के दर्शन किये । वि.सं. १९७८ के कुंभ पर्व पर वे उज्जैन पधारे जहां उनको ज.गु.श्रीरामान-न्दाचार्यश्रीरघुवराचार्यजी "वेदान्त केशरीजी" के दर्शन हुये । वहीं पर श्रीरामप्रसादजी ने ज.गु. श्री से परम्परागत प्रथा से पंचसंस्कार युक्त विरक्त वैष्णवी दीक्षा प्राप्त की तथा विधिवत् विविध शास्त्रों का अध्ययन तथा योग साधन प्रारम्भ किया । थोडे दिनों बाद गुरु आज्ञा लेकर आप श्रीने उत्तरांचल की यात्रा के लिये प्रस्थान किया । शैशवकाल में ही योगमुद्रायें प्रदर्शित करने वाले व्यक्ति को यदि योग में अभिरुचि हो तो आश्चर्य ही क्या है ? आपश्री का इस अभिरुचि की पूर्ति हुई देवप्रयाग के एक उच्चशिखर पर । यहां के एक योगी महात्माने आपश्री को अनेको यौगिक क्रियाओं का ज्ञान करवाया तथा आगे और पढने का आदेश दिया । साथ ही भविष्य में योग और अध्ययन में उन्नति प्राप्त करने का वरदान भी दिया । इन्ही महात्माजी की आज्ञा से आपश्री ने हिमालय-प्रवास छोडकर चित्रकूट की और प्रयाण किया । एक दिन जैसे ही आपश्री श्रीहनुमान धारा के निकट पहुंचे कि आपश्री में तपस्या करने की लगन उत्पन्न हुई । फलस्वरूप कठोर तपस्या प्रारंभ हो गई । इसी काल में "यजदेव संस्कृत महा विद्यालय" में अध्ययन करने की अन्त: प्रेरणा का उदय हुई और विद्याध्ययन भी प्रारंभ होय गया । विद्याध्ययन से ज्ञाननेत्र उघडते ही आपश्री में अपने गुरुदेव के दर्शन करने की लालसा उत्पन्न हो गई । एक दिन भगवान् श्रीरामजी ने स्वप्नादेश दिया कि ऊंझा जाकर अपनी गुरुदर्शनाभिलाषा पूर्ण करो । वहां आचार्य चरण को भी तुम्हारी आवश्यकता है । तुम तो मुक्त जीव हो, अत: सरल स्वभाव जनसमुदाय को भक्ति का- विशेष कर मेरी भक्तिका - सरलतम उपाय बताकर उस को कल्याण मार्ग पर आरूढ करो । इस भगवदादेशानुसार आपश्री ने अविलम्ब चित्रकूट से प्रस्थान किया और ऊंझा पहुंचे । शिष्य गुरु का यह मिलन शक्ति और

शक्तिमान के मिलन के समान सिद्ध हुआ । अनेक सांसारिक कष्टों के भोग, महात्माओं के सत्संग ज्ञानियों के सदुपदेश, अपनी तपस्या तथा योगाभ्यास से आपश्री के जीवन कलुष, सांसारिक माया और शरीर मोह समाप्त हो गये थे । भगवान् श्रीरामजी को ही शरणागत, अपने इस शिष्य को गुरुदेव ने "रामप्रपन्नाचार्यजी" कह कर संबोधित किया । उसी समय से आप "श्रीरामप्रसादजी" से "श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी" बन गये ।

आपश्री ने अपने गुरुदेव विद्वानों से अनेक शास्त्रो में प्रवीणता प्राप्त की । गुरुदेव के अवध पधारने पर आप राणापुर में रहकर महन्त श्रीकेशवदासजी द्वारा संचालित विद्यालय में अध्ययन करने लगे । यहां पर पंडित सम्राट् स्वामीश्रीवैष्णवाचार्यजी से आप श्री का प्रथम परिचय हुआ । पाठशाला के छोटा उदयपुर चले जाने पर आपश्री भी वहां गये पर बाद में ब्रह्मचारीजी श्रीवासुदेवाचार्यजी तथा ज.गु.श्रीजानकीदासजी का भी समागम हुआ । एक बार गुरुदेव के साथ आपश्री मालसर भी पधारे थे । कालक्रम से आपश्री टाटम्बर धारण तथा दूध कन्द-मूल-फलाशन पर आश्रित रह कर प्रभु भक्ति और मुक्ति मार्ग पर अग्रसर हुये ।

वि.सं. २००९ (ता.२०-११-१९५२) में आपश्री को सम्प्रदायाचार्य के रूप में प्रतिष्ठित किया गया गुरु परम्परा से प्राप्त आचार्यपीठ श्रीशेषमठ शींगडा का जब आपश्रीने आधिपत्य संभाला तब इस मठ की दशा अच्छी नहीं थी । स्वामीहीन वस्तु के समान इस संस्थान की दशा हो गई थी । जिस के जो कुछ हाथ लगा वही उसे उठा ले गया । "दाद में खाज" की तरह उसी समय जमीन्दारी उन्मूलन कानून आया और मठ की आय के सब स्त्रोत लगभग सूख गये । इस भयंकर परिवेश में आपश्री ने शांति से मठ की स्थिति को सम्भालते हुये स्वावलंबी बनने का प्रयत्न किया । इस प्रकार एक बीत राग पुरुष रघुवीर की सम्पति-रक्षार्थ संघर्ष को भी भगवद् भक्ति का एक रूप समझ कर पूर्ण तन्मयता के साथ इस भक्ति विशेष" में लग गया । आपश्री इस तपस्या में सफल हुये और कालान्तर में मठ की व्यवस्था सुचारू रूप से चलने लगी ।

मठ की व्यवस्था सुचारू रूपसे प्रतिष्ठित होतेही आपश्री को परम्परा (श्रीरामानन्दसम्प्रदाय को श्रीरामानुज सम्प्रदाय के अधीन मान कर रामानुजियों द्वारा श्रीरामानन्दीयों को हेय मानने के कारण श्रीरामानन्दीय विशुद्ध परम्परा की स्थापनार्थ) संघर्ष से जूझना पडा । उससे सफलता पूर्वक निपट कर आचार्यश्री ने श्रीआनन्दभाष्य विवाद (कुछ व्यक्तियों ने प्रचार किया था कि श्रीआनन्दभाष्य श्रीरामानन्दाचार्यजी की कृति नहीं है) की और ध्यान दिया । अल्प काल ही में आपश्री ने अत्यन्त दृढता के साथ इस विवाद का शमन कर दिया । सर्व पण्डित सम्राट् श्रीवैष्णवाचार्यजी दार्शनिकसार्वभौम श्रीवासुदेवाचार्यजी, श्रीत्रिभुवनदासजी, स्वामीरामेश्वरानन्दाचार्यजी , श्रीरामनारायणदासजी, श्रीभगवद्दासजी, रामायणी प्रेमदासजी, श्रीअयोध्यादासजी, श्रीअवधेशदासजी रामायणी आदि के साथ आचार्यश्री के अथक प्रयत्नों से श्रीआनन्दभाष्यों और श्रीरामानन्द वेदान्त दर्शन ने इस सम्प्रदाय में अपना उचित स्थान ही नहीं प्राप्त कर लिया प्रत्युत वि.स. २०२२ (१९६६ई.) से वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी तथा बृहद्गुजरात संस्कृत परिषद् गुजरात आदि में इस वेदान्त की

अजस्र कक्षायें भी चल रही हैं। जिन संस्थाओं से हजारों छात्र शास्त्री तथा आचार्य की पदवी प्राप्त कर चुके हैं। आपश्री द्वारा स्थापित "अखिल भारतवर्षीय श्रीरामानन्द वेदान्त प्रचार समिति" इस समय भी श्रीरामानन्दीय दर्शन साहित्य प्रकाशन एवं सम्प्रदाय एवं सम्प्रदाय के प्रचारार्थ कार्यरत है।

श्रीआनन्दभाष्य संघर्ष से निवृत्त होकर आपश्री अन्य सर्जन कार्यों में लग गये। पोरबंर में श्रीजानकी मठ का जीर्णोद्धार करवाकर आपश्री ने वहां एक सुन्दर मन्दिर का निर्माण करवाया तथा वि.स. २०१६ श्रीरामनवमी (ता.५-४-१९६०) को उस में श्रीअवधविहारीजी के विग्रह की प्रतिष्ठा की। इस विग्रह के दाहिने पार्श्व में श्रीगोपाल लालजी तथा वाम पार्श्व में श्रीहनुमानजी के विग्रहों को भी प्रतिष्ठा की गई। इस मठ में साधु संतो के निवास आदि की सुन्दर व्यवस्था है। तीर्थ यात्री यहां पर दर्शनार्थ आते ही रहते हैं इस कार्य को पूर्ण करके आपश्री ने अहमदाबाद के पालडी विस्तार में आचार्यपीठ श्रीकोसलेन्द्रमठ की स्थापना की और वि.सं. २०१७ (ता.२५-३१९६१) में वहां "श्रीसाकेत विहारीजी" के विग्रह की स्थापना की। वि.सं.२०१९ आश्विन शुक्ल दशमी (विजयादशमी तदानुसार ता.२८-१९६३) को इस आचार्यपीठ में आचार्य ने "श्रीरघुवर रामानन्द वेदान्त महाविद्यालय" को स्थापना की। चैत्र शुक्ला नवमीं (श्रीरामनवमी) वि.स. २०२७ (ता.४-४-१९७१) को आपश्री ने इसी मठ में भगवान् योगेश्वर महादेव, निकुम्भलामर्दन श्रीहनुमानजी, श्रीसिद्धेश्वर श्रीहनुमानजी श्रीअम्बामाताजी श्रीपार्वतीजी, श्रीगणपतीजी तथा आनन्दभाष्यकार जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी की प्रतिमाओं को प्रतिष्ठित करवाया। उस समय पालडी विस्तार एक वन प्रान्त के रूप में था अतः यह महर्षि जमदग्नि तथा भारद्वाज के आश्रमों के समान चित्ताकर्षक प्रतीत होता था। यह मठ एक स्वतंत्र संस्थान है हालाकि इन तीनों संस्थानों का प्रभन्ध संचालन आचार्यश्री के द्वारा ही होता है। वर्तमान में इन संस्थानों में प्रचलित प्रवृत्तियों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :-

(अ) धार्मिक : (१) नित्य नवैमित्तिक पूजा पाठ, (२) विशिष्ट अवसरों पर जयन्तियां, पर्व, उत्सव पारायण आदि का (नित्य) कीर्तन, (४) शास्त्रनिष्णात तथा योग्य विद्वानों द्वारा धर्मोपदेश, (५) सनातन धर्म के प्रचारार्थ अनेक अन्य प्रवृतियां।

(आ) संस्कृत तथा साहित्यप्रचार : (१) श्रीरघुवर संस्कृत महाविद्यालय विश्रामद्वारका श्रीशेषमठ शींगडा तथा श्रीरघुवर रामानन्द वेदान्त महा विद्यालय श्रीकोसलेन्द्र मठ , अहमदाबाद में वेद, उपनिषद्, व्याकरण, वेदान्त,साहित्य आदि विषयों के पठन पाठन की समुचित व्यवस्था है। इन विद्यालयों में उच्च कक्षा के विद्वानों द्वारा देश के अनेक प्रांतों के तथा नेपाल तक के छात्रों को शिक्षित करने की सुन्दर व्यवस्था है। (२) संस्कृत पढने वाले छात्रों के लिये भोजन, कक्षानुसार छात्रवृतियां भी उपलभ्द करवाई जाती है। (३) संस्कृत के साथ माध्यमिक (मैट्रिक) एफ.वाय. बी. ए. तथा एम. ए की कक्षाओं में पढने वाले छात्रों को संस्कृत गवेषणा के लिये मार्ग दर्शन किया जाता है (४) शिक्षा प्रणाली प्राचीन गुरुकुलों के समान है।

(इ) योग : अष्टांग योग की साधना के द्वारा स्वास्थ्य, प्रसन्नता, आलसनाश, और परमपुरुषार्थ

प्राप्त करना सिखाया जाता है। योग सिखाने के लिये योग शिबरों के आयोजन किये जाते हैं।

(ई) सामाजिक : (१) अन्न क्षेत्र (२) शिक्षा (३० उपदेशक निर्माण।

(उ) जीवदया : गौशालाओं में पशुपालन तथा गोसंरक्षण

(ऊ) साहित्य : (१) संबंधित संस्थानों द्वारा दार्शनिक धार्मिक साम्प्रदायिक साहित्य का सर्जन तथा प्रकाशन।

वस्तुत : प्राणी सेवा तथा मानवा विकास में जिस प्रकार से सहयोग दिया जा सके वे सब विषय इन संस्थानों की प्रवृतियों के अन्तर्गत आ जाते हैं।

चैत्र शुक्ल एकादशी वि.सं.२०३० (ता.३-४-१९७४) में आर्चश्री ने अपने शिष्यों के साथ नेपाल आदि की तीर्थ यात्रा के लिये प्रस्थान किया। इस दौरान ता.१-४-१९७४ ई. को नेपाल राज्य के प्रतिनिधि श्री के. एस. प्रधानने मोतीहारी में आचार्यश्री का राजकीय सम्मान किया। इसी प्रकार "श्रीत्रिभुवन विश्वविद्यालय" में भी श्रीवाल्मीकि अध्ययन संस्थान के सभी पंडितों ने आपश्री का सन्मान किया। ता. २५।४।१९७४ ई. को वाराणसी स्थित श्रीसम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीबद्रीनारायण शुक्ल की अध्यक्षता में काशी के वरिष्ठ पंडितो तथा वाराणसी के ही कर्णघंटा स्थित श्रीरामानन्द पीठ संस्कृत महाविद्यालय के सब अध्यापकों तथा छात्रों द्वारा आपश्री को जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी के रूप में सन्मानित किया। वि.सं. २०३३ (ता.१२-१-१९७७) को आचार्यश्री ने वाराणसी के शंकुधारा नामक स्थान पर "आनन्दभाष्यकार जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्य पीठ की स्थापना की। इसी दिन वाराणसी की विशिष्ट विद्वत् परिषद् ने आपश्री का जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी के रूप में सन्मान करते हुये अभिनन्दन पत्रभेट किया। इस सन्मान सभा में सर्वश्री पंडितराज राजेश्वरशास्त्रीजी, पण्डितराजश्रीकरुणापतिजी त्रिपाठी, श्रीरामपांडेय आदि महानुभाव उपस्थित थे। उसी दिन "श्रीरामानन्द युवक संघ" के मन्त्री महंत श्रीरामविलासदासजी, श्रीमहावीरदासजी आदि श्रीरामानन्दीय मदानुभावों ने भी आचार्यश्री को "सम्प्रदायपीठ" पर अभिषिक्त किया तथा अभिनन्दन पत्र भेंट करके सन्मानित किया।

व्यक्तिगत जीवन में आचार्यश्री योगसाधन में रत रह कर अपनी "योगीन्द्र" उपाधि को यथार्थ कर रहे हैं। कभी कभी आपश्री लम्बी समाधि में भी लीन हो जाते है। वि. सं. २०२९ को रामनवमी (ता.१२-४-७३) को आपश्री ने त्रिदण्ड ग्रहण करके श्रीरामानन्दसम्प्रदाय में वर्षों से लुप्त "दण्ड धारण व्यवस्था" का पुनरुद्धार किया।

आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी

(संक्षिप्त परिचय)

ले. कृष्णचन्द्र वैष्णव

१- जन्मनाम : श्री ..... उपाध्याय
२- दीक्षा नाम : श्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी
३- अन्य नाम :
४- सम्प्रदाय : श्रीरामानन्दीय
५- सम्प्रदायाचार्य- द्वाराचार्य : वर्तमान ४१ वें सम्प्रदायाचार्य
६- पिता श्री का नाम :

७- मातु श्री का नाम :

८- सम्प्रदाय गुरुश्री नाम ज.गु. श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्यजी, योगीन्द्र

९- गोत्र- जाति - वर्ण : शुक्ल यजुर्वेदीय वाजसनेयीमाध्यन्दिनी शाखाध्यायी त्रिप्रवरान्वित वशिष्ठगोत्रीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण

१०- जन्मतिथि : वैशाख शुक्ल तृतीया वि.सं. १९८८

११- सम्प्रदाय दीक्षा : वि.सं. २०१२ (दि.१०।५।१९५६)

१२- पाटेत्सव तिथि : श्रीरामनवमी वि.स. २०२९ (दि.११।४।१९७३)

१३- अस्तित्व काल : वि.सं. १९८८ से वर्तमान

१४- जन्मस्थान : पूर्वीय नेपाल

१५- सम्प्रदायपीठ स्थान : विश्रामद्वारकास्थ पश्चिमाम्नाय जगद्गुरुश्रीरामानन्दचार्यपीठ श्रीशेषमठ शींगडा सौराष्ट तथा श्रीकोसलेन्द्रमठ पालडी अहमदाबाद

१६- त्रिदण्डग्राहक सार्वभौम आचार्य पदाभिषेक वसन्त पञ्चमी सम्वत २०४६ श्रीरामानन्दाब्द ६९० बुधवार ता.३१-१-१९९०

१७- साम्प्रदायिक रचनाएं : संस्कृत हिन्दी नेपाली तथा गुजराती भाषाओं के लगभग २४१ ग्रंथ तथा एक मासिक पत्रिका का सम्पादन प्रकाशन

१८- सन्दर्भ ग्रन्थ : (१) श्रीसम्प्रदाय दिग्दर्शन (२) देशिक परिचर्या (३) श्रीवैष्णव मताब्जभास्कर की गुजराती टीका (४) जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ मासिक पत्रिका

१९- संक्षिप्त जीवन परिचय : आचार्यश्री के माता, पिता के नाम तथा स्वयं के मूल तथा अन्य नाम ज्ञात नहीं हो सके हैं। इतना ही ज्ञात हो सका है कि आपश्री की मातु श्री का साकेतवास आपश्री की डेढ वर्ष की आयु में ही हो गया था। परन्तु बडे भाई के सौहार्द पूर्ण संरक्षण ने उनकी कमी को कभी खटकने नहीं दिया। आपश्री का स्वभाव बचपन से ही घुमक्कड़ था अत: १२ वर्ष की आयु में ही वि.सं.२००० में पर्याप्त धन लेकर घर से निकल पडे और धन के समाप्त होने पर विराटनगर मनीआरी आदि क्षेत्रों की यात्रा करके घर लौट आये। इस प्रकार आपश्री ने अपने जीवन की प्रथम यात्रा स्वल्पवय में ही सम्पन्न कर ली। सर्व शास्त्र विष्णात और जमींदार होने के कारण आर्थिक रूप से सम्पन्न पिताश्री ने धन का अपव्यय न करके अध्ययन करने की आपको सलाह दी। आपश्री पर इस सलाह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा और स्वभाव वश कुछ दिनों बाद एक बार फिर पर्याप्त धन लेकर घर से निकल पडे। इस यात्रा के दौरान नेपाल क्षेत्र में आप ने एक नवयुवक की लाश को एक नाले में बहते हुये देखा इस दृश्य में आप ने जीवन की क्षणभंगुर को प्रत्यक्ष रूप में देखा। इसी बीच अपने मध्यम बडे भाई की आकस्मीक साकेतवास ने आप के मन में विरक्ति भर दी परन्तु धन के समाप्त हो जाने पर इस बार भी आपश्री पुन: घर लौट आये। इस बार घर पर पिताश्री के काफी उपदेश सुनने को मिले। इन्हीं दिनों आप के यहां एक नेपाली श्रीवैष्णव महात्मा पधारे उन के व्यक्तित्व का आप पर प्रभाव पडा। कु छ दिनों वाद फिर से यात्रा के दौरान आप को कुछ दिनों के लिये मशान घाट के पास एक मन्दिर में रहना पडा। श्मशान में नित्य शवों को देखकर आप के मन में संसार के प्रति विरक्ति उत्पन्न हो गई और धन के अभाव में भी आप बंगाल आसाम भूटन की ओर पैदल ही चल पडे। इसी बीच आपश्री को अपने बडे भाई की याद सताने लगी आप वापस घर पहुंच गये। इस बार पिताश्री की बहुत डांट फटकार पडी परन्तु वडे भाई का आप को पूर्ण सहृदय संरक्षण मिला। वि.सं. २००७ (१९५१ ई,स) में नेपाल

में राजकीय अशांति पैदा हो गइ। उस दौरान राजकीय तथान्यजनों द्वारा पीडित लोगों की सेवा करने में आचार्यश्री छ महिने तक अहर्निश लगे रहे।

मुक्तजीव माया के बन्धन में नहीं बन्धते इस न्याय से आपश्रीने वि.सं. २००८ की कार्तिक सुक्ल प्रतिपदा को आपने सर्वतो भावसे गृह त्याग कर दिया और आसाम के तेजपुर नगर में प्रारंभिक विद्याध्ययन शुरू किया। इन्हीं दिनों एक महात्मा ने आपश्री को खूब पढ लिख कर सुयोग्य बनने की सलाह दी। सलाह को उचित मानकर विशेष अध्ययन के लिये अपने पूर्व संस्कारों से प्रेरित होकर आपश्री एक तीर्थयात्री के साथ अवध वाराणसी मथुरा, वृन्दावन, हरिद्वार, यमुरोत्तरी, गंगोत्तरी, केदारनाथ, बद्रीनाथ आदि तीर्थों का भ्रमण करते हुये वि.सं. २००९-२०१०)ई.स.१९५३-५४) में ऋषिकेश पहुंचे। इसी बीच आपश्री ने ''प्रथमा'' परीक्षा पास की। ऋषिकेश से आपश्री वृन्दावन पहुंचे जहां आपश्री को ज.गु.श्रीरामानन्दाचार्यपीठ श्रीशेषमठ स्थित श्रीरघुवर संस्कृत महाद्यिालय के विषय में ज्ञात हुआ और आपश्री भ्रमण करते हुये ता.१।७।१९५४ को श्रीशेषमठ शींगडा पहुंच गये। यहां ज.गु.श्रीरामप्रपन्नाचार्यजी का पूर्व ऋणानुबंधानुसार नैसर्गिक स्नेह प्राप्त हुआ। योग्य अवसर जानकर आपश्री ने ज.गु.श्री से विरक्त वैष्णवी दीक्षा के लिये प्रार्थना की शिष्यत्व के लिये सर्वथा योग्य जानकर ज.गु. श्रीने आपश्री को पञ्चसंस्कार पूर्वक विरक्त वैशणवी दीक्षा प्रदान की। गुरुदेव की आज्ञानुसार आपश्री विद्याध्ययन में जुट गये। साथ साथ गुरु सेवा का लाभ भी लेते रहे। वि.सं.२०१५ (१९५९ ई.सं. तक आचार्यपीठ में ही अध्ययन करने के पश्चात् आपश्री अवध तथा वारणसी में विशिष्ट सिक्षा प्राप्त करके वापस आचार्यपीठ लौट आये और अपने गुरुदेव के साथ साथ श्रीसम्प्रदाय की सेवा में जुट गये। आपश्री ने (१) श्रीशेषमठ के प्रबन्ध (२) पोरबन्दर के जानकीमठ के जीर्णोद्धार उस के पुनरुत्थान तथा उस में ता.५.४.१९६०) को श्रीअवधविहारीजी की प्रतिष्ठा (३) अहमादाबद में जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ श्रीकोसलेन्द्रमठ स्थापना तथा ता.२५।३।१९६१) को उसमें श्रीसाकेतविहारीजी की प्रतिष्ठा २८-९-१९६३ को श्रीरघुवर रामानन्द वेदान्त महाविद्यालय की स्थापना ता.४-४-१९७१ को भगवान् श्रीयोगेश्वर महादेव श्रीनिकुम्भिलामर्दन श्रीहनुमानजी श्रीसिद्धेश्वर श्रीहनुमानजी श्रीअम्बामाताजी श्रीपार्वतीजी श्रीगणपतिजी तथा ज.गु.श्रीरामानन्दाचार्यजी की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा आदि कार्यो में गुरुदेव को सम्पूर्ण सहयोग दिया।

ई.स. १९६४ में आपश्री ने व्याकरणाचार्य तथा साहित्यरत्न की परीक्षायें पास की और श्रीरघुवर रामानन्द वेदान्त महाविद्यालय के अध्यक्ष तथा प्राधानाचार्य बने। इसी काल में आप श्री की रुचि ''श्रीरामानन्ददर्शन'' में बढी और १९६७ ई.स. में ''श्रीरामानन्दवेदान्त'' से आचार्य की परीक्षा पास की। आप वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय की परीक्षाओं से सम्बद्ध हैं। श्रीरामानन्दसम्पदाय के इतिहास के अन्वेषण तथा गवेषण और श्रीरामानन्द वेदान्त (विशिष्टद्वैत) के प्रचार हेतु निर्मित ''अखिल भारतवर्षीय श्रीरामानन्द वेदान्त प्रचारसमिति'' के आपश्री वर्तमान महामन्त्री हैं। श्रीगरीबदास धर्मादा ट्रस्ट, श्रीरामजी मन्दिर फतेहपुर आदि और भी कई संस्थाओं से आपश्री सम्बन्धित आचार्य या प्रबन्ध व्यवस्थापक है।

आपश्री सौम्यशरीर, व्यवहार कुशल व्याख्याता है तथा श्रीसम्प्रदाय की उन्नति विशेष कर साहित्य क्षेत्र में- के लिये अहर्निश तत्पर हैं। आप श्री को अपनी ख्याति के अपेक्षा अपने पूर्वाचार्यो की तथा स्वसम्प्रदाय की ख्याति अधिक प्रिय है। सम्प्रति आपश्री पूर्वाचार्यो द्वारा लिखित अनेक दिव्य प्रबन्धों को भाष्य टीका टिप्पणी आदि से सजाकरके उनका सम्पादन करके तथा उनको प्रकाशित करने के कार्य में दत्तचित्त हैं।

ज.गु. श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्यजी ने आचार्यश्री को सर्वथा योग्य समझ कर परम्परा से प्राप्त तथा स्वनिर्मित समस्त आचार्यपीठों संस्थाओं के हितों को आपश्री के हाथों में सुरक्षित समझकर स्वानुगामी आचार्य के रूप में ता.११।४।१९७३ को अपना अनुगामी सम्प्रदायाचार्य नियुक्त कर दिया है।

पूजारि श्रीरामरक्षिपालदास विरचितम्

वेदार्थचन्द्रिका की सूची

विषय सूची

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठों के आराध्य देव

वेदप्रतिपाद्य उभयविभूतिनायक

सर्वेश्वरश्रीसीतारामजी

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ

विश्रामद्वारका
श्रीशेषमठ--शींगडा
पोरबन्दर-सौराष्ट्र फोन-२२७९५५८

श्रीकोसलेन्द्रमठ
पो. पालडी सरखेज रोड
अहमदाबाद-७ फोन-२६६०१००१

मनोकामनासिद्धश्रीहनुमानजी

राम राम राम राम राम राम

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ

विश्रामद्वारका
श्रीशेषमठ–शींगडा
पोरबन्दर–सौराष्ट्र फोन–२२७९५५८

श्रीकोसलेन्द्रमठ
पो. पालडी सरखेज रोड
अहमदाबाद–७ फोन–२६६०१००१

यह दिव्यश्रीविग्रह श्रीनरेन्द्रभाई पण्ड्याजी परिवार के सौजन्य से छपा है

प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकार जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यजी

माघकृष्णसप्तमी १३५६–१५३२ चैत्रशुक्लनवमी

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ

विश्रामद्वारका
श्रीशेषमठ–शींगडा
पोरबन्दर–सौराष्ट्र फोन–२२७९५५८

श्रीकोसलेन्द्रमठ
पो. पालडी सरखेज रोड
अहमदाबाद–७ फोन–२६६०१००१

यह आचार्यश्री का श्रीविग्रह शीयरकेमीकल इन्डस्ट्रीज अहमदाबाद के सौजन्य से छपा है

आनन्दभाष्यसिंहासनासीन

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामेश्वरानन्दाचार्यजी

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यपीठ

विश्रामद्वारका	श्रीकोसलेन्द्रमठ
श्रीशेषमठ-शींगडा	पो. पालडी सरखेज रोड
पोरबन्दर-सौराष्ट्र फोन-२२७९५५८	अहमदाबाद-७ फोन-२६६०१००१

यह आचार्यश्री का श्रीविग्रह शीयरकोम्युनीकेशन के सौजन्य से छपा है

❋ सर्वेश्वरश्रीसीतारामाभ्यां नमः ❋

प्रस्थानत्रयानन्दभाष्यकारायनमो नमः

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्ययोगीन्द्रकृता

वेदार्थचन्द्रिका

श्रीरामाख्यं परं ब्रह्म वेदवेद्यं सनातनम् ।
नत्वा तत्वावबोधाय कुर्म वेदार्थचन्द्रिकाम् ॥१॥

❋ श्रीहनुमते नमः ❋

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीरामप्रपन्नाचार्ययोगीन्द्रशिष्य
आनन्दभाष्यसिंहासनासीन जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीस्वामीरामेश्वरानन्दाचार्य
प्रणीत

प्रकाशः

रामं स्मेरमुखं नत्वा सीताश्लिष्टतनुं मुदा ।
वेदार्थचन्द्रिकाव्याख्यां करोमि शास्त्रसम्मताम् ॥१॥
सीतानाथसमारम्भांरामानन्दार्यमध्यमाम् ।
रामप्रपन्नगुर्वन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥२॥

❋ श्रीसीतारामाभ्यां नमः ❋

जगद्गुरुश्रीरामानन्दाचार्यश्रीस्वामीरामेश्वरानन्दाचार्य
प्रणीत

किरण

'यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं, यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशम् मुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥१॥'

श्रीमद्रामसमारम्भां रामानन्दार्यमध्यमाम् ।
रघुवरार्यगुर्वन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥२॥

समस्तजडचेतनात्मकसूक्ष्मस्थूलसाधारणस्यजनिमतोजगतोहितोपदेशाय प्रवर्त्तमानापौरुषेयवेदशिरोभागीयवचननिकरैरितिहासपुराणादिसमुपबृंहितैर्वक्ष्यमाणसूक्ष्मजडचेतनशरीरकसर्वशेषिहेयप्रत्यनीकालौकिक-

हितोपदेशायेत्यादि- **प्रवृत्तिनिवृत्तिप्रतिपादनपूर्वकसर्वहितप्रतिपादनकर्तृत्वमेवशास्त्रस्यशास्त्रत्वम् । तदुक्तम्-'प्रवृत्तिर्वानिवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा । पुंसामेनोपदिश्येतेतच्छास्त्रमभिधीदते' । इति। ततश्च सर्वमेवशास्त्रं वैदिकवाक्यं पुरुषस्य हितोपदेशपरकमेव । यथा 'अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्गकाम:' 'न कलञ्जं भक्षयेत्' । यथा वा लोकेऽपि 'ऋतौ भार्यामुपेयादित्यनुज्ञा' 'गुर्वङ्गनां नोपगच्छेदिति परिहा:' ततश्चेमानि वेदवाक्यानि तानि सर्वाण्यपि साक्षात्परंपरया समस्तस्यापि जगतो हितानुशासनायैव प्रवृत्तानीति सुष्ठूक्तं हितोपदेशायेति । यत्प्राणिनां परमहितन्न तत्प्रत्यक्षानुमानप्रमाणाभ्यामवगतं भवति-**

संपूर्ण जड़चेतन लक्षण सूक्ष्मस्थूल साधारण कल्प के आदि में समुत्पन्न जगत के हितोपदेश करने के लिये प्रवर्तमान तथा अपौरुषेय समस्त वेद का जो शिरोभाग '**तमेव विदित्वातिमृत्युमेतिनाऽन्य: पन्था विद्यतेऽयनाय तत्वमसीत्यादि** वचन समुदाय जो कि इतिहास पुराणादि से उपबृंहित सहकृत हो करके अर्थ का गमक हैं उन वचनों से आगे प्रतिपाद्यमान सूक्ष्म जड़चेतन शरीरवाले पदार्थमात्र का शेषी अंगी हेय प्राकृतिक गुणों का विरोधी अलौकिक अर्थात् लोकोत्तर अप्राकृतिक जो कल्याणगुण अनन्य साधारण जो गुण समुदाय हैं उससे युक्त अतएव लौकिक सागर की तरह निश्चल (अर्थात् जिस तरह लौकिक महासमुद्र अनन्त रत्नों का निधान होने पर भी अहङ्कारादि रहित होकर के अतिशान्त रहता है, इसी तरह भगवान् अनेक अलौकिक गुणों का निदान होने पर भी अति निश्चल हैं। यद्यपि लौकिक सागर में नक्र मकरादिक अनन्त दोष भी हैं, तथापि एक देश मात्र का सादृश्य यहां विपक्षित है। यदि सर्वांश का सादृश्य मानें तब तो किसी भी स्थल में दृष्टान्त दार्ष्टान्तिकभाव ही नहीं होगा, क्योंकि पर्वत महानसादिस्थल में भी पर्वतत्व महानसत्वादि रूपमें वैधर्म्य विद्यमान है। यथावा गोगवय स्थल में भी सादृश्य नहीं होगा, क्योंकि यहां भी गोत्व गवयत्वरूप से वैधर्म्य विद्यमान है) एतादृश भगवान् प्रपन्न-शरणागत जीवराशि को कृपापूर्वक दु:खमहोदधि संसाररूप महासागर से उद्धार करने की इच्छा से दशरथ के कुल में स्वेच्छया लीला विग्रह को धारण किये हैं। एतादृश सर्वेश्वर भगवान् श्रीजानकीनाथ श्रीरामचन्द्ररूप पदार्थ ही वेद के द्वारा साक्षात् अथवा परम्परया जाने जाते हैं। अभिप्राय यह है कि संपूर्ण वेदों से प्रतिपादित सर्वशेषी भगवान् श्रीरामजी ही होते हैं। जगत में '**समस्त**' यह

कल्याणगुणराशिलौकिकवारिधिरिव निश्चल: प्रपन्नजीवराशिकृपया संसारसागरादुद्धर्तुकामो धृतदशरथगृहे लीलाविग्रहो भगवान् सर्वेश्वरश्रीजानकीनाथ: श्रीरामलक्षण एवार्थ: साक्षात्परम्परया वा समधिगतो भवतीति ।

भवति-अलौकिकत्वात् । लौकिकंप्राकृतिकमेव वस्तुजातंप्राप्यस्ताभ्यां विनिवेदितं भवति नालौकिकं तस्यागममात्रवेद्यत्वादिति भाव: । तद्धितं द्विविधं प्राप्योपायभेदात् । एतादृशोपायोपेययोर्ज्ञापनाय सृष्ट्यादौवेद आविर्भूतोनतुकेनचित्कारितो नित्यत्वात् । स च वेदराशिस्तदधिकारिणां वैविध्यरुचिमतां स्वकीयपूर्ववासनानुवासितं हितं स्वकीयं स्वकीयमेवाववोधयतीति । एतावताशास्त्राणां नास्त्यारोपकता बोधका एव ते । स्वपूर्वपूर्वानेकजन्मार्जितकर्मफलज्ञापका वेदा इति हृदयम् । तदाहुराचार्यसार्वभौमा: श्रीश्रुतानन्दाचार्या: **'विकारश्चरामो दयाब्धिस्तथात्वे दयाशून्यतां पक्षपातञ्च नैति । प्रकारे विकारस्तथाचित्रसृष्टौ च हेतुर्यत: प्रणिनां प्राच्यकर्म ।' (श्रौतसिद्धान्तविन्दु: ८) इति ।**

तत्र प्रकारद्वयेव ब्रह्मानन्तं स्वरूपतोगुणतश्च । तत्रदेशकालवस्तुद्वारा जायमान परिच्छेदराहित्यात्परमेश्वररहित इति स्वरूपकृतानन्तः । यद्वाध्वंसादिप्रतिया-गिराहित्यमेवानन्त्यं ब्रह्मणः । नहि ब्रह्मणः प्रागभावोध्वंसोत्यन्ताभावो भेदो वा भवति त्रिकालेसत्वात् सर्वव्यापकत्वादिति स्वरूपकृतमानन्त्यंब्रह्मणः । ब्रह्मानन्तक-ल्याणगुणयुक्तमिति गुणत आनन्त्यं ब्रह्मणः । तत्र ब्रह्मापरिच्छिन्नमनन्तकल्याणगुणकं

तथा ब्रह्म में अभेद ज्ञानवान् व्यक्ति ही मुक्त होता है जीव ब्रह्म में एकत्व ज्ञान ही परम पुरुषार्थ मोक्ष का हेतु है । निर्गुण ब्रह्म बन जाना ही परम पुरुषार्थ है । उपासना प्रभृतिक जो उपाय हैं वे तो सगुण ब्रह्म रूपी निम्न कोटिक मोक्ष का साधन है और एक्य ज्ञान मोक्ष का साधन होने से श्रुतियों का अद्वैत में ही तात्पर्य है द्वैत में तात्पर्य नहीं यह अद्वैती की तरफ से प्रश्न होता है । इस प्रश्न का समाधान करने के लिये कहते हैं-'**सत्यम्**' इत्यादि, यह अद्वैत का कथन ठीक है परन्तु '**पृथगात्मानं पेरितारं च मत्वादि**' श्रुत्यन्तर के वचन से साक्षात् भेद ज्ञान को ही मोक्ष कारणत्व का श्रुत होने से भेद ज्ञान ही मोक्ष का कारण सिद्ध होता है किन्तु अभेद ज्ञान को मोक्ष कारणता की सिद्धि नहीं होती है । अर्थात् सद्विद्या के प्रकरण में-'**तत्त्वमसि**' कह कर जीव तथा ब्रह्म में अभेद का वर्णन है परन्तु मोक्ष साधनता का प्रतिपादन करनेवाला स्पष्ट वचन नहीं है परन्तु आगे चल करके मोक्ष रूप फल का वर्णण होने के कारण इस अभेद प्रतिपादक वचन से मोक्ष कारणता का आक्षेप होता है, और भेद ज्ञान में मोक्ष कारणता का प्रतिपादक वचन स्पष्ट रूप में मोक्ष कारणता का विधान करता है । '**पृथगात्मानं प्रेरितारम्**' इत्यादि, अर्थात् जीवात्मा तथा प्रेरक को भिन्न भिन्न समझ कर के उस भेद ज्ञान के कारण परमात्मा की प्रीति-अनुग्रह का विषय बनकर साधक पुरुष मोक्ष प्राप्त करता है । इससे सिद्ध होता है कि भेद ज्ञान ही साक्षात् मोक्ष का कारण है अभेद ज्ञान मोक्ष का कारण नहीं है अभेद ज्ञान में मोक्ष जनकत्व कल्पनीय है तथा भेदज्ञान में मोक्ष कारणत्व कण्ठोक्त है । इस पर अभेद वादी पुनः शंका करते हैं जिस आचार्य जी बतलाते हैं 'न **चैकता प्रतिपादकवचनविरोध**' इत्यादि. नहीं कहे कि अभेद प्रतिपादक '**तत्त्वमसि**' इस वचन के साथ विरोध होने से भेद प्रतिपादक वचन

च सर्वेश्वरे प्रतिपादयन्ति । एवम् 'अन्तः प्रविष्टः शास्ता जनानां सर्वात्मा' 'एष ते आत्माऽन्तर्याम्यमृतः यस्य पृथिवी शरीरमस्यापः शरीरम् यस्य तेजः शरीरम् यस्याव्यक्तं शरीरम् यस्याक्षरं शरीरम् यस्य मृत्युः शरीरम् यस्यात्मा शरीरम्' इत्यादिकाः श्रुतयः परमात्मभिन्नस्य समस्तपदार्थस्य

चेति ज्ञान मेवानन्तत्वादीनामनुसन्धानम् । अनन्तत्त्वानुसन्धानेन सामान्यरूपेण सर्वकल्याणगुणानामनुसन्धानं सम्पन्नं भवति । प्रत्येकब्रह्मविद्यायां सामान्यसत्य-त्वादिगुणव्यतिरिक्तविशेषगुणा अप्यनुसंधातव्या भवन्ति । यथा सद्विद्यायां जगत्कारणत्वादिको विशेषगुणोप्यनुसन्धीयते । एवं प्रत्येकब्रह्मविद्यायां विभिन्नो गुणो विशेषरूपोऽनुसंधेयो भवति, सत्यत्वादिकसामान्यगुणस्तु सर्वविद्यासाधारणः । अतो ब्रह्मविद्यामात्रेगुणविशिष्टमेव, ब्रह्मोपास्यं भवति तत्फलं च सगुणब्रह्मप्राप्तिरेव । अनेन प्रकारेण फलैकस्मिन् पर्यवसानात् ब्रह्मविद्यायां विकल्प आस्थीयते, एकोपा-

का अर्थ सगुण ब्रह्म प्रापकत्व ही है, ऐसा कहना ठीक नहीं है--अर्थात् अभेद ज्ञान को मोक्ष कारणत्व कहिये क्योंकि भेद ज्ञान को मोक्ष प्रतिपादक वचन में तो '**तत्त्वमसि**' से विरोध होता है अतः जो वचन भेद ज्ञान को मोक्ष कारण कहता है तो यह वाक्य मिथ्याभूत भेद को बतलाता है तथा तादृश भेद ज्ञान से सगुण ब्रह्म की प्राप्तिरूप मोक्ष मिलता है और अभेद ज्ञान से परम मोक्ष की प्राप्ति होती है ? इस के उत्तर में कहते हैं-'**इति न वाच्यम्**' ऐसा कहना ठीक नहीं हैं क्योंकि अभेद ज्ञान में मोक्ष साधनता की सिद्धि कल्पना से की जाती है अर्थात् उसमें कारणता आक्षेप लभ्य है और भेद ज्ञान में मोक्ष कारणत्व स्पष्ट रूप से '**अमृतत्वमेति**' इस शब्द से प्रतिपादित है । इसलिये अभेद ज्ञान को कारणता नहीं है किन्तु भेद ज्ञान को ही मोक्ष कारणता है ।

भेदज्ञान मोक्ष का कारण है अथवा अभेद ज्ञान मोक्ष का कारण है ? इस बात को स्पष्ट रूप से प्रतिपादन करने के लिये कहते हैं--'**अयंभावः**' तुल्य बलयोर्द्वयोरित्यादि, इस प्रकरण का भावार्थ ऐसा है कि तुल्य बलवाले परस्पर विरुद्ध दो वचनों की विषय व्यवस्था कर के अविरोध का सम्पादन करना चाहिये, अन्यथा परस्पर विरोध होने से दोनों अप्रामाणिक हो जायेगे यहां दोनों प्रमाण वेद रूप हैं इनका अप्रामाणिक होना तो ठीक नहीं हैं अतः अभेद प्रतिपादक तथा भेद प्रतिपादक वचनों की विषय व्यवस्था इस प्रकार से बनती है तथाहि-अभेद परक '**तत्त्वमसि**' इत्यादि वचन का इस अर्थ के वतलाने में तात्पर्य है कि जीवात्मा अन्तर्यामी के रूप में अवस्थित

जडाजडस्य परमात्मनः शरीरात्मभावं प्रतिपादयन्ति । अत्रानेकरूपाणां परस्परविरुद्धार्थप्रतिपादकवाक्यानामविरोधस्परस्परं यथासंभवेत्तथैव प्रयतनीयं व्याख्यानं च तथैव कर्तव्यम् । प्रतिपादितञ्च बोधायनवृत्ति-

सनेनैव फलप्राप्तौ तदर्थं विद्यान्तराश्रयणस्यायुक्तत्वात् । सद्विद्यायां जगत्कारण-त्वादिधर्मविशिष्टब्रह्मणोऽनुसंधानं भवति, परन्तु जगत्कारणत्वादिगुणानां पार्थक्ये-नानुसंधानं न भवति, विशिष्टस्यानुसन्धाने विशेषणविधयागुणानामप्यनुसन्धानस्य संभवेन पार्थक्येन तदनुसन्धानस्यानतिप्रयोजनकत्वात् । दहरविद्यायां तु अपहतपाप्मत्वा दिकल्याणगुणानां पार्थक्येनाप्यनुसन्धानस्य संभवात् । यद्यप्येतावान् उभयोर्विद्य-योर्भेदस्तथापि तादृशभेदसत्वेपि सर्वब्रह्मविद्यायामनुसन्धेयानन्तकल्याणगुणा-नामनुसन्धानसमये तादृशानन्तकल्याणगुणविशिष्टब्रह्मानुसन्धानस्यापि संपन्नत्वात्

परमेश्वर का शरीर होने के कारण जीवात्मा विशिष्ट परब्रह्म ही '**तत्त्वमसि**' वाक्य घटक त्वम् शब्द से प्रतिपादित होता है। इस तरह जीव विशिष्ट परमेश्वर तथा जगत् के उत्पत्ति स्थिति प्रलय के कारण ब्रह्म में अभेद को जानना चाहिये। यह '**तत्त्वमसि**' वाक्य का प्रतिपाद्य विषय हैं, और '**पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वा**' इत्यादि वाक्यों का वाच्यः-प्रतिपाद्य विषय यह कि परब्रह्म का शरीर बनकर रहनेवाले जीव से उस जीव की भी अन्तरात्मा बनकर व्यवस्थित रहनेवाले जो ब्रह्म हैं तादृश परमात्मा तादृश जीव से अत्यन्त विलक्षण अर्थात् भिन्न हैं क्योंकि परमात्मा नित्य निर्दोष हैं अर्थात् परमात्मा में किसी भी समय में कोई दोष नहीं रहता है वह सर्वदा सर्व दोष रहित हैं और परमात्मा उत्कर्ष की चरमसीमा को प्राप्त किये है एवं सत्य कामत्व सत्य सङ्कल्पत्वादिक हेय प्रत्यनीक अनन्तकल्याण गुण समुदाय के महासागर हैं, और जीवात्मा तो एतादृश गुण गण विशिष्ट नहीं है इस तरह परमात्मा का शरीररूप जीवा में तथा एतादृश जीव के अन्तरात्मारूप परमेश्वर में परस्पर भेद है। यह '**पृथगात्मानम्**' इत्यादि श्रुतिवाक्य का प्रतिपाद्य विषय होता है। इस प्रकार से तात्पर्य को मानने से किसी को किसी के साथ विरोध न होने से सब श्रुति वचनों का समन्वय हो जाता है। इस तरह आचार्यजी ने सर्व का पृथक् पृथक् तात्पर्य मान कर के सब के समन्वय को सिद्ध किया है। विशेष विवरण तत्तन्निबन्ध व्याख्यान में अन्यत्र देखें।

'**भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सव प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्**' इस श्रुति से भोक्ता जीव भोग्य जड पदार्थ तथा प्रेरक ईश्वर इन तीन रूपों से ब्रह्म परमात्मा त्रिविध सिद्ध होते हैं। इससे द्वैताद्वैत वादियों का श्रुति से भेदाभेद सिद्ध होता है इसलिये भेदाभेद ज्ञान ही मोक्ष का कारण है

कारभगवच्छ्रीपुरुषोत्तमाचार्यप्रभृतिमहामहोपाध्यायायजगद्गुरु-श्रीरामानन्दाचार्यश्रीरघुवराचार्यान्तवृत्तिकारादिभिः पूर्वमेवयदविकारता पतिपादकवेदवाक्यम् स्वरूपपरिणामस्य पतिपादनेन मुख्यार्थतां भजन्ति ।

ततश्चानन्तकल्याणगुणविशिष्टब्रह्मणः प्राप्तिर्भवतीति, सद्विद्यायां तु अनन्तत्वादि-गुणानामनुसन्धानसमये तादृशगुणविशिष्टब्रह्मानुसन्धानमपि संपद्यते एव । अनेन प्रकारेण सामान्यरूपेणानुसन्धानात् तादृशगुणविशिष्टब्रह्मप्राप्तिरूपफले न कश्चिद् भेदो भवतीति दहरविद्यासद्विद्ययोर्विकल्पः सिद्ध्यति । इत्थंसर्वब्रह्मविद्यायां विकल्पं दर्शयित्वा छान्दोग्यसद्विद्यायामपि सगुणमेव ब्रह्मोपास्यं भवति ततस्तादृशोपासनाबलेन सगुणब्रह्मणः प्राप्तिरेव मुख्यं मोक्षरूपं फलं भवति । न तु निर्गुणब्रह्मणः समुपासनं न वा निर्गुणब्रह्मप्राप्तिः फलं मोक्षः । अत उपासनया भेददर्शनेन मोक्षो न भवतीति कथनं तत्वज्ञशिरोमणिसमस्तास्मत्पूर्वाचार्यव्याख्यानप्रतिकूलत्वात् सर्वथैवानादर-

अतः भेदाभेद में ही श्रुति का तात्पर्य है। ऐसा जो मत है उन मतों का खण्डन करने के लिये उपक्रम करते हैं-'**भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा**' इत्यादि, '**भोक्ता भोग्यम्**' इत्यादि श्रुति से यह सिद्ध होता है कि ब्रह्म के तीन रूप हैं इन तीन रूपों से ब्रह्म की स्थिति बतलाई गई है न तु इस श्रुति से भेदाभेद का प्रतिपादन किया गया है। प्रतिपाद्य तीन रूपों का कथन करते हैं '**भोग्य लक्षणस्य**' इत्यादि ग्रन्थ से। ब्रह्म भोग्य जड पदार्थ का अन्तर्यामी बनकर के रहने का, भोक्ता जीव के अन्तर्यामी बन कर के रहने का, तथा अपने स्वरूप से रहना, ये तीन स्वभाव ब्रह्म के हैं। एवं परब्रह्म के शरीररूप से अवस्थित भोग्य जड पदार्थ का स्वभाव यह है कि-ये जब रहते हैं तब जड अचेतन होकर के ही रहते हैं तथा सत्य रूप हैं परन्तु मिथ्या नहीं हैं शुक्ति रजत की तरह एवं ये सब अन्य प्रयोजनक होते हैं स्वेतर चेतन के लिये होते हैं अर्थात् चेतन जो जीव वर्ग तथा ईश्वर के लिये भोग्य बने रहते हैं, एवं सर्वदा विकार शील रहते हैं यह अचेतन जड भोग्य पदार्थ का स्वभाव है। एवं जीवात्मा जो भोक्ता है उसका स्वभाव इस प्रकार का है कि-वह अतिनिर्मल अपरिच्छिन्न ज्ञान तथा आनन्द स्वरूप होता हुआ भी '**अविद्या कर्म संज्ञान्या**' इस नियम के अनुसार कर्म रूप अविद्या के बल से स्वकीय ज्ञान में अनेक प्रकारक संकोच विकाश को प्रदीप की तरह प्राप्त करता है। जीवात्मा जो कि भोक्ता हैं वे सर्वदा जड भोग्य पदार्थों से सम्बद्ध रहते हैं असबद्ध कभी भी नहीं तथा परमात्मा की उपासना से मोक्ष को प्राप्त करते हैं नतु ज्ञानमात्र से मुक्त होते हैं इत्यादि स्वभाव जीव का है।

निर्गुणप्रतिपादकास्तु प्राकृतहेयगुणनिराकरणपरकतयानेतव्याः ।

भेदप्रतिपादकशब्दास्तु एकपरमात्मनः शरीररूपेण प्रकारभूतं सर्वं जडचेतनात्मकं वस्तु इतिसर्वस्यात्मरूपेण सर्वप्रकारकं ब्रह्मैवनान्यदिति संगिरन्ति । सर्वविलक्षणत्वं सर्वपतित्वसर्वेश्वरत्वसर्वकल्याणगुण-

---

णीयमिति संक्षेपः ।

अथान्तर्यामिप्रकरणे परमात्मा सर्वप्राणिजातस्यान्तरात्मा सर्वनियामकः सर्वप्रेरकश्चेत्यादिकं कथितम् । तथा 'ईश्वरः सर्नभूतानांहृद्देशेऽर्जुनतिष्ठति । भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया' इत्यादिगीतादावपि परमेश्वरस्य सर्वप्रेरकत्वं प्रतिपादितम् । अभ्युपगम्यते च तथा सर्वैरप्याचार्यादिभिः परन्तु तन्नयुक्तम् कुतः विधिप्रतिषेधशास्त्राणां 'स्वर्गकामो यजेत' 'न कलंजं भक्षयेदित्यादिनां वैयर्थ्यं स्यात् । यो हि स्वतन्त्रः कर्तुमकर्तुमन्यथाकर्तुं शक्तः सविधिशास्त्रेणोदिष्ट इष्टे कर्मणि प्रवर्तते

एवं परमात्मा भी तीन रूपों से अवस्थित रहते हैं वे तीन रूप इस प्रकार के हैं तथाहि भोग्य जो प्रकृत्यादि जड पदार्थ हैं उन सब का अन्तर्यामी बन कर के रहना, एवं भेग्य का भोक्ता जो जीव चेतन वर्ग हैं उन सब का भी अन्तर्यामी वन कर के रहना, तथा स्व स्वरूप से हेय प्रत्यनीक अप्राकृतिक असंख कल्याण गुण सर्वज्ञत्व सत्य सङ्कल्प सत्यकामत्वादिक गुणों का आधार बन कर के रहना । इस प्रकार जो परब्रह्म को रूपत्रय से अवस्थान है एताद्दशरूपत्रयावस्थानावस्थित जो परब्रह्म हैं वे ज्ञातव्य हैं। यह अर्थ '**भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्वा सर्व प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्ममेतत्**' इस श्रुति का अर्थ है। परन्तु उदाहृत यह श्रुति भेदाभेद बाद को नहीं बतलाती है, किन्तु ब्रह्म की जो त्रिविध स्थिति है तादृश त्रिविध स्थिति का वर्णन करती है। आचार्यजी ने इस तरह से प्रकृत मन्त्र का अर्थ कर के भेदाभेदवादियों का खण्डन कर दिया। वे भेदाभेदवादी लोग कहते हैं कि भेदाभेदज्ञान ही मोक्ष रूप परमपुरुषार्थ का कारण है, इसलिये यथोक्त श्रुति का भेदाभेद में ही तात्पर्य मानना चाहिये ऐसा जो मानते थे उसका इस मूल ग्रन्थ से निराकरण किया गया है।

शंकर मतानुयायियों ने कहा था कि जोव तथा ब्रह्म का जो एकत्वज्ञान है वही निर्गुण ब्रह्म रूप परममोक्ष (विदेह मोक्ष) में कारण है और भेद जो है उससे परमभोक्ष प्राप्त नहीं होता है परन्तु भेद ज्ञान से विशिष्ट लोकान्तर की प्राप्ति ही होती है। छान्दोग्य में जो सद्विद्या है वह निर्गुण ब्रह्म विद्या है सगुण ब्रह्म विद्या नहीं है क्यों कि उसमें नौवार 'तत्त्वमसि' कह कर के तत्पदवाच्य ब्रह्म

निधित्वसत्यकामत्वसत्यादिबोधकशब्दो मुख्यार्थतया स्वार्थमेव निवेदयति । ब्रह्मणो ज्ञानानन्दमात्रनिवेदकः शब्दः सर्वेभ्यो विभिन्नस्य सर्वकल्याणगुणाश्रयीभूतस्य परमेश्वरस्य सर्वेश्वररूपस्य सर्वशेषिणः

निवर्तते च निषेधवाक्येनानिष्टकर्मकरणात् । इह तु जीवः सर्वथा परमेश्वरपरतन्त्रः स कथं स्वेच्छया कुत्रचित्पवर्तितं निवृत्तिं कर्तुं वा प्रभवेदिति प्रवर्तकवाक्ययोः सर्वथैव वैयर्थ्यमापतति । न हि राजादिभिः सर्वसमर्थैः कारागारे प्रक्षिप्तो मनुष्या कस्यचिदप्याप्तस्य वाक्योपदेशादपि कुत्रचित् प्रवर्तते नवा निवर्तते तत्कस्य हेतोः ? पराधीनत्वात् तदिह प्रकृतिपराधीनत्वस्य जीवमात्रे स्वीकारेण कारागारे प्रक्षिप्तपुरुषवत् पराधीनत्वेन निगडस्थपुरुषवत् प्राणिजातस्य पराधीनत्वेन शास्त्रोपदेशश्रवणस्य तदनुकूलानुष्ठानकारणासंभवेन प्रवर्तकनिवर्तकवाक्यानां वैयर्थ्यस्पष्टमापद्येत । किञ्च जीवस्य प्रवर्तयित्वे परमेश्वरस्य सर्वथा स्वातन्त्र्ये परमेश्वरे वैषम्यनिर्दयत्वादिका दोषा

तथा त्वं पदवाच्य जीव में एकत्व का वर्णन किया गया है इसलिये ऐक्य ज्ञान मोक्ष का कारण है उपासनाजनित भेद ज्ञान मोक्ष का कारण नहीं है।

इस मत का खण्डन करने के लिये तथा सद्विद्या में सगुण ब्रह्म की ही उपासना है तथा तादृश उपासना से सगुण ब्रह्म प्राप्ति ही परम मोक्ष है निर्गुण ब्रह्म भावापत्ति मोक्ष है यह सब कथन कल्पनामात्र है, इस बात को पूर्वाचार्यों के मत से निराकरण करने के लिये प्रक्रम करतै हैं '**छान्दोग्ये हि सद्विद्यायाम्**' इत्यादि छान्दोग्योपनिषत् षष्ठाध्याय की सद्विद्या में सगुण ब्रह्म ही उपास्य रूप से प्रतिपादित होते है और सगुण ब्रह्म की जो प्राप्ति होती है वही परम मोक्ष है क्योंकि जिसकी उपासना की जाती है उस स्थल में उसकी ही प्राप्ति होती है ऐसा नियम है। अतः सगुण ब्रह्म भावापत्ति का नाम ही परम मोक्ष रूप फल तादृश उपासना का है किन्तु जो लोग कहते है कि-यह जो सद्विद्या है निर्गुण ब्रह्म विद्या है तथा तादृश निर्गुण ब्रह्म की प्राप्ति ही परम मोक्ष रूप फल यथोक्त ब्रह्म विद्या का फल है, परन्तु यह उनका कथन ठीक नहीं है। (अर्थात् आचार्यजी कहते हैं की सद्विद्या निर्गुण ब्रह्म भाव रूप मोक्ष है ये दोनों बातें अप्रमाणिक हैं अर्थात् केवल कल्पना जनित है। '**तत्त्वमसि**' एतद्वाक्य घटित जिस सद्विद्या को पूर्वपक्षियों ने निर्गुण ब्रह्म विद्या कहा है उस सद्विद्या में उपास्य ब्रह्म सगुण हैं तथा उस ब्रह्म विद्या का सगुण ब्रह्म प्राप्ति ही फल है।) इसलिये छान्दोग्य की सद्विद्या निर्गुण ब्रह्म विद्या नहीं है न वा

सर्वाधिकरणस्य सर्वोत्पत्तिमतामुत्पत्तिस्थितिविनाशकारणीभूतस्य तस्य सर्वदोषविवर्जितस्य तथा सर्वविकाररहितस्य सर्वात्मभूतस्य परब्रह्मणः परेशस्य स्वरूपनिरूपको धर्मः सर्वमलविरोधि आनन्दलक्षणज्ञानमेवेति

आपद्येरन् । यदि कदाचित् शुभाशुभकर्मसापेक्षत्वं परमेश्वरस्य स्वीक्रियेत, तत्रापि यथोक्तदोषस्यानतिवृत्तेः । एवं परमेश्वरस्य प्रवर्तकत्वे स्वीकृते प्रवृत्तिनिवृत्ति-कारणयोर्द्वेषरागयोरपि परमेश्वरे समावेशसंभवेन तस्य परमेश्वरस्य दोषवत्व हेयशरीरादिमत्वमपि प्रसज्येत । न चैतदिष्टं परेशस्य सर्वदोषराहित्यश्रवणात् । शरीरादिमत्वे 'अपाणिपादोजवनोगृहीता' इत्यादिश्रुतिव्याकोपः प्रसज्येत । इत्यादिशङ्कां निराकर्तुं सिद्धान्तहृदयं दर्शितुं चोपक्रमते पूर्वप्रकरणेप्राणिमात्रस्य परब्रह्मान्तर्यामित्यादि । 'यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरोयं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरम्' 'यो विज्ञाने तिष्ठन् विज्ञानादन्तरोयं विज्ञानं न वेद' इत्यादि । अन्तर्यामिश्रुतिनिकरैः परमात्मा-

---

उस विद्या में निर्गुण ब्रह्म उपास्य है न वा निर्गुण ब्रह्म भावापत्ति मोक्ष है किन्तु सद्विद्या सगुण ब्रह्म विद्या है तथा उससे सगुण ब्रह्म भावापत्ति रूप मोक्ष ही परम मोक्ष है।

क्योंकि आनन्दभाष्यकारादि समस्त पूर्वाचार्यों ने इसी तरह से इस प्रसङ्ग का व्याख्यान किया है। जब ब्रह्म विद्या के द्वारा प्राप्त होने वाला सगुण ब्रह्म प्राप्तिरूप फल एक ही है, तब इन ब्रह्म विद्याओं में से एक किसी का अनुष्ठान करना ही पर्याप्त है क्योंकि सब का फल एक ही है। जिस तरह-'**व्रिहिभिर्वा यजेत यवैर्वा यजेत**' इस स्थल में व्रीहि करणक याग से जो स्वर्गरूप फल प्राप्त होता है वही स्वर्गरूप फल यव करणक याग से भी प्राप्त होता है तो उस स्थल में यजमान की इच्छा पर निर्भर रहता है कि वह व्रीहि से याग करे अथवा यव से याग करे फलांश में कोई भेद नहीं है। इसी प्रकार प्रकृत में चाहे सद्विद्या का अनुष्ठान करे अथवा शाण्डिल्यादिक विद्या का अनुष्ठान करे सब में सगुण ब्रह्म प्राप्तिरूप फल में समानता है, इसी को विकल्प कहते हैं।

इसका अभिप्राय यह है कि सभी ब्रह्मविद्या में ब्रह्म स्वरूप का अनुसन्धान करना चाहिये, और ब्रह्म का अनुसन्धान करने के समय में ब्रह्म को सत्य ज्ञान आनन्द तथा निर्मल समझ कर के उपासन करना चाहिये। सत्यत्व ज्ञानत्वादिक धर्म सभी ब्रह्म विद्या में अनुसन्धान करने के लायक है क्योंकि इन सत्यत्वादि धर्मों का अनुसन्धान करे बिना ब्रह्म रूप धर्मों अनुसंधान का असंभव हो जायेगा। इसलिये सत्यत्वादिक

स्वप्रकाशकत्वात्तदीयस्वरूपमपि ज्ञानमेवेति । ऐक्य--अभेदप्रतिपादकाः शब्दास्तु शरीरात्मभावेन सामानाधिकरण्ये च मुख्यवृत्त्यैव स्वार्थबोधका न तु लक्षणयैकार्थबोधका इत्येवं क्रमेण सर्वश्रुतीनां समन्वयो

सर्वस्य जडचेतनसाधारणजगतोऽन्तर्यामी भवतीति सिद्ध्यति । श्रुतिप्रमाणेन सर्वस्य कारयितृत्वं परमेश्वरस्यैव सिद्ध्यति न तु जीवीयप्रवृत्यादावपिकारणत्वमिति दर्शयितुमाह श्रुतिरपिसर्वस्यकारयितृत्वमित्यादि । श्रुतिमुदाहरति एषएव साधुकर्मकारयतीत्यादि एष एव परमात्मा तं जीवं साधुकर्मशुभादृष्टप्रयोजकंयागादिकर्मकारयति यम् जीवविशेषम् एभ्योवर्तमानलोकेभ्य उन्निनीषति, ऊर्ध्वं स्वर्गादित आरभ्यसाकेतान्तलोकं प्रतिनेतुं गमयितुमिच्छति । तथा एष एव परमात्मा तथा क्रूरादिकर्मप्रवृत्तमभक्तम्, असाधु अशोभनं हिंसादिजनकंकर्मकारयति अशुभकर्मणि प्रेरयति, यमभक्तं नरकादौ पातयितुमिच्छतीति

धर्मों के आकलन के बिना धर्मों का अनुसन्धान असंभवित हो जाता है अत एव ये सत्यत्वादिक धर्म ब्रह्म के स्वरूप निरूपक धर्म कहलाते हैं अर्थात् ये सब धर्म ब्रह्म के स्वरूप के निरूपण करने वाले हैं ऐसा माना गया है। इसमें अनन्तत्व धर्म का तात्पर्य यह है कि ब्रह्म दो प्रकार से अनन्त हैं, स्वरूप से तथा गुण से। ब्रह्म में देशकृत काल कृत तथा वस्तु कृत परिच्छेद नहीं है अर्थात् त्रिविध परिच्छेद रहितत्व ब्रह्म में अनन्तत्व है इसी का नाम है स्वरूप कृत आनन्त्य। ब्रह्म अनन्त कल्याण गुणों से युक्त हैं, इस का नाम है गुण कृत आनन्त्य। ब्रह्म को अपरिच्छिन्न तथा आनन्त्य कल्याण गुण युक्त समझना यही ब्रह्म में अनन्तत्व का अनुसन्धान है। अनन्तत्व के अनुसन्धान में सामान्य रूप से सर्व कल्याण गुणों का अनुसन्धान अर्थतः हो जाता है। यह तो हुआ सर्व विद्या साधारण ब्रह्म सामान्य गुणों का अनुसन्धान, और सामान्य साधारण गुणों से अतिरिक्त सभी ब्रह्म विद्या में विशेषरूप से विभिन्न गुणों का भी अनुसन्धान होता है, ये प्रत्येक ब्रह्म विद्या में अनुसन्धेय असाधारण गुण कहलाते हैं। जिस तरह छान्दोग्य की सद्विद्या में जगत् कारणत्वादिक गुणों का अनुसन्धान होता है। इसी तरह प्रत्येक ब्रह्म विद्या में विभिन्न विभिन्न गुणों का अनुसन्धान होता है। प्रत्येक ब्रह्म विद्या में कथित गुण उसका असाधारण गुण है और सत्यत्व ज्ञानत्वादिक सर्व विद्या साधारण अर्थात् सामान्यगुण है। इस तरह सभी ब्रह्म विद्या में किसी न किसी गुण से युक्त ब्रह्म का ही अनुसन्धान

भवतीत्यतो न किञ्चिदनुपपन्नम् ।

ψ अद्वैतादीनां प्रकारान्तरेणवेदवेद्यत्वनिर्वचनम् ψ

इत्थं च सर्वश्रुत: समन्वयप्रदर्शनेनाभेदपक्षोऽनुमोदितो भेदपक्षो वा भेदाभेदो वेति ? सर्वोपिपक्षो वेदप्रतिपादितत्वात् समर्थित एव ।

तथा प्रवृत्तिनिवृत्त्यादौ यत्साधारणं कारणं शरीरन्द्रियादिकं तेन सहित एवोत्पन्नः । उत्पादितश्च तादृशसर्वसामग्री सहितः । तथा चैतादृशसामग्रीविशिष्टस्य जीवराशेर्योगक्षेमनिर्वाहाय तादृशजीवानामाधारस्वरूपोभूत्वा 'तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्' इत्यादिश्रुत्यनुमोदिततदन्तः प्रविश्यानुमन्तृरूपेण सर्वप्राणिजातस्य तदितरस्य च नियामको भवन् सर्वान् नियमयति सर्वस्य शेषिरूपोऽपि भवति । ततश्च परमेश्वरप्रदत्तसर्वशक्तिमान् जीवः सर्वत्रप्रवृत्तो भवति, निवृत्तश्चापि स्वेच्छयैव न तु परमेश्वरेच्छया प्रवर्तते वापि, तस्मात् परमेश्वरे न कोऽपि दोषो भवति, न वा विधिप्रतिषेधशास्त्राणामानर्थक्यशङ्कापि समुन्मीषति । परमात्मा तु एवं कुर्वतस्तान् पश्यनुदासीन एव भवतीति न कोपि दोषः समापततीति 'विकारश्च रामोदयाब्धिस्तथात्वे दयाशून्यतां पक्षपातञ्चनैति । प्रकारे विकारस्तथाचित्र सृष्टौ च हेतुर्यतः प्राणिनां प्राच्यकर्म' इत्याचार्योक्तेः ।

एष एव साधुकर्मकारयति इतिश्रुतौ परमात्मा जीवान् शुभाशुभकर्मकारयतीति कथनं न सर्वजीवविषयकमपितु विशिष्टम् । अर्थात् यो जीवविशेषः परमेश्वरस्य सर्वदा अनुकूलो भूत्वाऽवतिष्ठते सर्वदा परमेश्वरानुकूलमेव तदाश्रमाचरणं करोति तस्य तादृशानुकूलाचरणेन

इसप्रकार एक सगुण ब्रह्म प्राप्तिरूप फल में पर्यवसान होने से सभी ब्रह्म विद्या में विकल्प माना जाता है ।

एवं सद्विद्या में भी जगत्कारणत्व तथा अनन्तत्वादि गुण विशष्ट सगुण ब्रह्म की ही उपासना होती है तथा तादृश ब्रह्म प्राप्ति ही मोक्ष है, नतु सद्विद्या में निर्गुण ब्रह्म की उपासना है नवा निर्गुण ब्रह्म भावापत्ति मोक्ष है । अत एव जो कोई कहते थे कि छान्दोग्यीय सद्विद्या निर्गुण ब्रह्म विद्या है तथा इससे निर्गुण ब्रह्म भाव प्राप्ति ही परम मोक्ष है एतादृश कथन युक्ति तर्क रहित है तथा पूर्वाचार्य वचन से विरुद्ध होने से सर्वथा अमान्य है । इन सब विषयों को उपसंहार रूप से बतलाते हैं–'एतावता एतदेव फलति यत्' इत्यादि, इस पूर्व विचार से यह फलित होता है कि यह छान्दोग्य की सद्विद्या है वह सगुण ब्रह्म विद्या है और इसमें सगुण ब्रह्म अर्थात् अनन्तत्वादि साधारण

तत्र सर्वशरीरकतया व्यवस्थितं ब्रह्मैवेत्यभेदपक्षः समर्थितः । स्वरूपतः एकैवेश्वरोऽनेकजडचेतनवस्तुप्रकारमनेकरूपेण व्यवस्थित इतितृतीयः

सुप्रसन्नस्तस्य कल्याणायानुकूलमार्गे प्रवृत्तये तस्मै सुबुद्धिं दत्त्वा आत्मकल्याणकार्ये प्रवर्तयति न तु सर्वं तथा प्रेरयतीति, यस्तु परमेश्वरस्य प्रतिकूलो भवति तथा सर्वदैव तदीयप्रतिकूलमेवाचरति तस्य तादृशप्रतिकूलाचरणं दृष्ट्वाऽप्रसन्नो भवन् तस्मै क्रूरबुद्धिं प्रदाय ततस्तादृशमेवकर्मकारयति येन सदा स दुर्गतोभवतीति । तस्मात् भक्ताभक्तविषयकमेव 'एष एव साधुकर्मकारयतीत्यादिवचनं नतु सर्वसाधारणविषयकं ततो न कोऽपि दोष इति ।'

अमुमेवार्थं पुष्णाति गीतावचनमपि तेषां सततयुक्तानामित्यादि । अर्थात् ये सर्वदा भगवदनुकूलो भूत्वा प्रेमपूर्वकं परमेश्वरमाराधयन्ति तान् तादृशबुद्धियोगमहं ददामि येन प्राप्तबुद्धियोगेन ते भक्ताः झटिति मां सर्वनियामकं सर्वप्राप्यं मामुपयान्ति भगवद्धामसाकेतमनुविशन्ति जरामरणविनिर्मुक्तं नित्यसुखात्मकमिति । आद्यश्लोकद्वयेनानुकूलभक्तविषयकभगवत्कर्तव्यं प्रदर्शयन्नन्तिमश्लोकेन प्रतिकूलाचरणकर्तरि तद्विपरीतफलमदर्शयत् ।

गुण विशिष्ट तथा जगत्कारणत्वादिक असाधारण गुणविशिष्ट सगुण ब्रह्म ही उपास्य हैं एवं एतादृश उपासना से सगुण ब्रह्म भावापत्तिरूप मोक्ष ही फल है, नतु जीव उस का जो अभेद दर्शन है वह मोक्ष का साधक है क्योंकि–'तत्त्वमसि' इस वाक्य के अभिप्राय को बोधायन वृत्तिकारानुयायी आनन्दभाष्यकारादि समस्त पूर्वाचार्यों ने उपर्युक्त प्रकार से व्याख्यान किया है । अतः पूर्वाचार्य वचन विरुद्ध होने से निर्गुण ब्रह्म भावापत्तिरूप मोक्ष है यह बात अप्रामाणिक तथा अमान्य है ।

आचार्य श्रीरामानन्दाचार्यजी के सिद्धान्त में कहा है कि परमेश्वर जीव मात्र के अन्तर्यामी हैं और जीव परमेश्वर से नियन्त्रित हैं अर्थात् परमेश्वर की प्रेरणा से ही कार्य करते हैं स्वतन्त्ररूप से कुछ भी नहीं करते हैं । ऐसा अगर मान लिया जाय तो 'स्वर्गकामो जयेत' 'नेक्षतोद्यन्तमादित्यं नास्तयन्तं कदाचन' इत्यादि विधिनिषेध का अधिकारी कोई नहीं मिलेगा ? क्योंकि जो व्यक्ति स्वतन्त्र बुद्धिवाला हो उसे कह सकते हैं कि 'तुम इस काम को करो' और 'अमुक काम को न करो' परन्तु यहां तो स्वतन्त्र बुद्धिवाला कोई है ही नहीं किन्तु जीव ईश्वराधीन हैं ईश्वर प्रेरित हो कर के ही कार्य करते हैं। ऐसा अभियुक्तों ने कहा है-' अज्ञो जन्तुरनीशोयमात्मनः सुखदुःखयोः । ईश्वरप्रेरितो

पक्षः समर्थितः । जडचेतनपदार्थपरमेश्वरस्य स्वरूपतो भिन्नस्वीकाराद् भेदात्मको द्वीतीयपक्षो वेदान्तवेद्यतया समर्थितः ।

षयकमेव 'एष एव साधुकर्मकारयतीत्यादिवचनं नतु सर्वसाधारणविषयकं ततो न कोऽपि दोष इति ।'

अमुमेवार्थं पुष्णाति गीतावचनमपि तेषां सततयुक्तानामित्यादि । अर्थात् ये सर्वदा भगवदनुकूलो भूत्वा प्रेमपूर्वकं परमेश्वरमाराधयन्ति तान् तादृशबुद्धियोगमहं ददामि येन प्राप्तबुद्धियोगेन ते भक्ताः झटिति मां सर्वनियामकं सर्वप्राप्यं मामुपयान्ति भगवद्धा-मसाकेतमनुविशन्ति जरामरणविनिर्मुक्तं नित्यसुखात्मकमिति । आद्यश्लोकद्वयेनानुकूल-भक्तविषयकभगवत्कर्तव्यं प्रदर्शयन्नन्तिमश्लोकेन प्रतिकूलाचरणकर्तरि तद्विपरीत-फलमदर्शयत् ।

एतावता प्रकरणेन शास्त्रप्रतिपादितजीवादिपदार्थस्य स्वरूपादिकं पर-

---

अधिकारी कोई नहीं मिलेगा ? क्योंकि जो व्यक्ति स्वतन्त्र बुद्धिवाला हो उसे कह सकते हैं कि 'तुम इस काम को करो' और 'अमुक काम को न करो' परन्तु यहां तो स्वतन्त्र बुद्धिवाला कोई है ही नहीं किन्तु जीव ईश्वराधीन हैं ईश्वर प्रेरित हो कर के ही कार्य करते हैं। ऐसा अभियुक्तों ने कहा है-'**अज्ञोजन्तुरनीशोयमात्मनः सुखदुःखयोः । ईश्वरप्रेरितो गच्छेत् स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा**' अर्थात् प्रत्येक जीव परमेश्वर प्रेरित हो कर के ही स्वर्ग नरक में जाते हैं, अपनी इच्छा से नहीं क्योंकि स्वयं वे अज्ञानी हैं। इससे सिद्ध होता है कि सब ईश्वर परतन्त्र हैं तव स्वतन्त्र कोई नहीं मिलने से विधि तथा निषेध शास्त्र सर्वथा निरर्थक हो जाता है ? एतादृश शंका का निराकरण करने के लिये प्रक्रम कहते हैं-'**ननु प्राणिमात्रस्य परमात्माऽन्तर्यामीत्यादि ।**'

पूर्वपक्ष-सभी चेतनाचेतन जगत् के परमात्मा अन्तर्यामी तथा नियामक हैं ऐसा अपने सिद्धान्त में कहा गया है । इसमें '**यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरः**' '**यो विज्ञानेतिष्ठन् विज्ञानादन्तरः**' इत्यादि समस्त अन्तर्यामी ब्राह्मण को प्रमाण रूप से बतलाया गया है तो जब परमात्मा ही सर्वान्तर्यामी सर्व नियामक-प्रेरक हैं तब तो '**स्वर्गकामोऽग्निष्टोमेन यजेत**' (स्वर्गकामनावान् पुरुष अग्निष्टोम याग करे) इत्यादि विधि शास्त्र तथा '**न कलञ्जं भक्षयेत्**' (कलञ्ज भक्षण नहीं करना) यहां कलञ्ज शब्द का अर्थ है '**विषाक्तेनैव वाणेन हतौयौ मृगपक्षिणौ । तयोर्मांसं कलञ्जं स्यात् शुष्कमांसमथापि वा**' विषभावित बाण के द्वारा मारा गया जो पशु तथा पक्षी उनका

॥ मोक्षप्रतिपादकश्रुत्योर्विषयव्यवस्थापनम् ॥

ननु 'तत्त्वमसि' 'तस्यतावदेवचिरं यावन्नविमोक्ष्ये' इत्यादि श्रुत्या जीवब्रह्मणोरभेदस्य प्रतिपादनेनाभेदज्ञानमेव तत्त्वज्ञानं तेनैव च मोक्षो न तु भेदज्ञानं मोक्षसाधनमिति चेत्सत्यम् 'पृथगात्मानं प्रेरितारं च

मात्मस्वरूपतदीयकतिपयगुणनिरूपणमधिगतम् । सर्वेषां प्राप्ययथोक्तगुणविशिष्टः परमात्मैवेत्यपि प्रतिपादितम् संप्रति भगवत्प्राप्तौ क उपायः 'विज्ञानं केवलम् कर्म वा भक्तिर्वेति संशये तन्निर्णयाय सिद्धान्तानभिमतपक्षं निरस्य अनन्याभक्तिरेव भगवत्प्राप्तेरुपाय इति दर्शयितुं प्रसङ्गादन्यदपि वक्तुमुपक्रमते सोऽयं परमकृपालुः परमपुरुषः इत्यादि ।

सोऽयं यथोक्तगुणविशिष्टः परमात्मा न केवलज्ञानादिना लभ्यते परन्तु भगवत्कृपया संप्राप्ततदीयानन्यायाभक्तिरूपया प्राप्तो भवतीत्यर्थः । 'रामो ब्रह्म परात्परं श्रुतिमतं भक्त्यैव निःश्रेयसम्' इतिसदाचार्योक्तेः । ननु कथमेतादृशीभक्तिरुदेतीति दर्शयितुमाह-यो हि काम्यनिषिद्धकर्मवर्जनेत्यादि । अत्रेयं प्रक्रिया, यो हि साधकः काम्यनिषिद्धकर्मवर्जनपूर्वकं निष्कामकर्मानुष्ठानेन विधूतजन्मजन्मान्तरकृतपापराशिर्भवति यदा, तत्र ज्योतिष्टोमादिकं काम्यं कर्म ब्रह्महननादिकं निषिद्धं कर्म तद्रहितो यदा भवति निष्कामभावेन नित्यादिकर्म

जो मांस उसको कलञ्ज कहते हैं, अथवा सूखा हुआ जो मांस उसे कलञ्ज कहते हैं । विषाक्त मांस के भक्षण से सद्यः मरण हो जायगा, इससे विषाक्त मांस के भक्षण का निषेध किया है । एवं सूखे हुए मांस का भक्षण भी हितप्रद नहीं होता है, आयुर्वेदकार ने कहा है '**शुष्कमांसाः स्त्रियोवृद्धा वालार्कस्तरुणंदधि । प्रभाते मैथुनं निद्रा सद्यः प्राणहराणि षट् ।**' अथवा साधारण व्यक्तियों में कलञ्ज शब्द का अर्थ-लशून प्याज में है। इत्यादिक जो विधिनिषेध शास्त्र हैं वे सब निरर्थक हो जायेगें, क्योंकि जो अपने से कार्य करनेवाला नहीं है वही किसी के उपदेश से हित कार्य में प्रवृत्त होता है और किसी के उपदेश से अनिष्ट कार्य से निवृत्त होता है, परन्तु सभी पुरुष परमेश्वर के अधीन हैं, परमेश्वर की इच्छा से ही प्रवृत्त निवृत्त होते हैं तव शास्त्र क्या करेगा ? क्योंकि स्वतन्त्र अधिकारी तो कोई है ही नहीं तो इस स्वतन्त्र अधिकारी को लाभ नहीं होगा तब तो शास्त्र निरर्थक हो जायगा ।

श्रुति भी कहती है कि प्रत्येक प्राणियों को कार्यकरानेवाले परमात्मा ही है अर्थात् जीव स्वतन्त्र नहीं किन्तु परमात्मा के अधीन है, परमात्मा से प्रेरित हो कर के ही शुभाशुभ कर्म को

मत्वा जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति' इत्यादिश्रुत्यन्तरवचनेन साक्षादभेदज्ञानस्यैव मोक्षकारणत्वश्रवणेन तदेव मोक्षकारणं नत्वभेदज्ञानं मोक्षकारणम्। न चैकताप्रतिपादकवचनविरोधेनभेदज्ञानस्य सगुणब्र-

करोति तदा तस्य सर्वपापराशिर्विनष्टो भवति। ततस्तस्य साधकस्य मनसि विरक्तिर्ज्ञानं चोत्पद्यते, भगवत् प्राप्तौ समुत्कष्ठा च भवति 'विरक्तिः (ज्ञानम्) उत्पद्यते पुंसां क्षयात्पा पस्य कर्मणः' इति वचनात्। अन्यत्रापि कथितम् 'नित्यनैमित्तिकैरेवकुर्वाणो दुरितक्षयम्। ज्ञानं च विमलीकुर्वन् अभ्यासेन तु पाचयेत्। अभ्यासात् पक्वविज्ञानः कैवल्यं लभते नरः' इति। तदनन्तरं स साधको मोक्षसाधननिष्पत्तये भगवतः शरणे गच्छति, ततः स आचार्यशरणं प्राप्य उपदेशं तस्मात् श्रृणोति। ततो गुरूपदेशेन तस्याधीतानधीत सर्वशास्त्रार्थस्य ज्ञानं यथार्थरूपेण भवति। ततश्च सर्वप्रकारकः संशयो भ्रमश्च निवर्तते तत्र भ्रमो द्विप्रकारकः धर्मभ्रमो धर्मिभ्रमश्च। तत्र शङ्खे पीतता भ्रमोधर्मभ्रमः तेन शङ्खं धर्मिणं नान्यथाऽवगच्छति किन्तु श्वेतगुणस्थानेपीतिमानं जानाति स च धर्मभ्रमोरजोगुणस्य कार्यम्। यत्र तु धर्मिणमन्यथा जानाति-यथा-इदं रजतमित्यत्र शुक्तिकां शुक्तिकात्वेन न गृह्णाति किन्तु रजतरूपेण जानाति, तदत्र शुक्तिकां तादात्म्येन रजतं जानातीत्यत्रान्यथा भूतं

करते हैं। श्रुति का उदारण देते हैं-'**एष एव साधु कर्म कारयति तं यमेभ्यो लोकेभ्य उन्निनीषति एष एवासाधु कर्म कारयति तं यमधोनिनीषति**' इति। अर्थात् यह परमेश्वर ही उन जीवों से शुभ कर्म करवाते हैं, जिन जीवों को प्रत्यक्ष दृष्ट दुःखमय लोकों से उन्नत लोक में ले जाना चाहते हैं। इन वचनों से यह सिद्ध होता है कि जीव पराधीन हैं। इन जीवों से परमेश्वर ही पुण्य पाप कर्म करवाते हैं। ऐसी स्थिति में यह दोष होता है कि अपनी इच्छा से प्रवृत्त होने एवं स्वेच्छा से निवृत्त होने वाले अधिकारि नहीं प्राप्त होने से '**स्वर्ग कामो यजेत**' इत्यादि प्रवृत्ति निवृत्ति शास्त्र निरर्थक हो जाते हैं क्योंकि स्वतन्त्र कोई अधिकारी प्राप्त नहीं होता है, और शास्त्र को निरर्थक मान लिया जाय तब तो वेद का जो स्वतः प्रामाण्य है सो तो सर्वथा विलुप्त हो जायगा। परन्तु यह बात वेद प्रामाण्यवादी के लिये सर्वथा अनभिमत है। जब वेद ही अप्रामाणिक है तब वेद मूलक क्रिया कलाप अस्त व्यस्त हो जायगा। तथा मोक्ष वार्ता तो अति दूर हो जायगी। परमेश्वर को सर्व प्रेरक मानने से अनुकूल अधिकारी की प्राप्ति नहीं होने से विधि तथा प्रतिषेध शास्त्र निरर्थक हो जायगा, यह दोष बतला कर के सर्वप्रेरक परमेश्वर को मानने से परमेश्वर में वैषम्यादिकभी दोष होता है, इस बात को बतलाने के लिये कहते हैं कि-'**किंचेश्वरस्यैव सर्व प्रेरकत्वे तस्मिन्**' इत्यादि, और भी देखिए ईश्वर को सर्व प्रेरक मानने से विधिनिषेध शास्त्र का

ह्यप्रापकत्वमिति वाच्यम्, ऐक्यज्ञानस्य मोक्षसाधनत्वं कल्पनया सिद्ध्यति, भेदज्ञानस्य मोक्षकारणत्वं तु स्पष्टतया शब्देन 'अमृतत्वमेती' त्यनेन ज्ञायते। अयं भावः तुल्यबलयोर्द्वयोः प्रमाणयोर्विरोध विषयभेदप्रतिपादनेनाविरोधः कर्तव्यः। सचाविरोध इत्थम् सर्वस्यान्त-

धर्मिणमन्यथारूपं रजतं जानातीति सोयं धर्मिभ्रमः। सोयं भ्रमस्तमोगुणस्य कार्यरूपः। एतादृशोभ्रमः संशयश्च गुरूपदेशेन ज्ञानशास्त्रसूक्ष्मार्थस्य कदाचिदपि न भवतीति। अनेन प्रकारेण गुरूपदेशेन साधकस्य स्वस्वरूपपरमेश्वरस्वरूपादिशास्त्रप्रतिपादितस्तथावगतस्यात्मविशेषगुणोऽतिशयरूपेण विकसितो भवति। स चात्मगुणः शमदमादिलक्षणः। तत्र शमो नाम अन्तरिन्द्रियनिग्रहः। दमो बाह्येन्द्रियनिग्रहरूपः, बाह्येन्द्रियाणि पञ्चरूपादि बाह्यविषयप्रकाशकानि। एवं तपः प्रभृत्यादिकोऽपि आत्मगुणरूप एव। तत्र तपो नाम धर्मशास्त्रविहितः कृच्छ्रचान्द्रायणादिव्रतविशेषरूपः। शरीरवाङ्मनसां शुद्धिकरणं शौचम्।

वैयर्थ्य दोष होता ही है तथा सर्वदोष रहित भगवान् में वैषम्य नैर्घृण्य दोष भी होता है क्योंकि यह परमात्मा सर्वान्तर्यामी सर्व प्रेरक किसी जीव से शुभ कर्म करवाते हैं तथा किसी जीव से पाप कर्म करवाते हैं तो इससे परमेश्वर में विषमता दोष होगा। एवं जिस जीव से पाप कर्म करवा करके नरकादि लक्षण अधोगति में डालते हैं तो उस जीव के प्रति निर्दयत्व होगा परन्तु भगवान् तो जीव मात्र के सुखदुःखादि की प्राप्ति में साधारण कारण हैं सब के लिये समान हैं तो इस प्रकार से वैषम्य तथा निर्घृणत्व होगा जिस प्रकार अंकुरोत्पत्ति में पर्जन्य वर्षण द्वारा उपकारक होने से सर्व साधारण कारण हैं इसी तरह परमेश्वर भी वस्तुमात्र-जीवमात्र के प्रति समान हैं तो एतादृश ईश्वर में विषमता तो ठीक नहीं है, क्योंकि पर्जन्य कहीं वर्षा करता है कहीं वर्षा नहीं करता है तथा कही वर्षा से उपकार होता है और वर्षा से अपकार भी होता है? परन्तु मेघ तो सब के लिये समान है। इसी प्रकार ईश्वर तो सब के लिये समान हैं तो इस परमेश्वर में वैषम्यादिक दोष होता है। इसलिये शुभाशुभ कर्मों में ईश्वर को प्रेरक मानना यह अनुचित है। इसलिये ईश्वर प्रेरक सर्व नियामक नहीं हैं। इस स्थिति में ईश्वर सर्व प्रेरक हैं नियामक हैं यह कथन सर्वथा अयुक्त है। यहां तक हुआ पूर्व पक्षी के अभिप्राय का वर्णन इस दोष का उद्धार करने के लिये कहत हैं-'**इति चेत्सत्यम्**' इत्यादि, अर्थात् आपात दृष्टि से देखने से तो आपका कथन युक्त प्राय ज्ञात होता है, परन्तु विचार पूर्वक देखने से तो परमेश्वर सर्वान्तर्यामी सिद्ध होते ही हैं। किस तरह ईश्वर सर्व प्रेरक हैं? इस बात का स्पष्ट करने के लिये कहते हैं-'**परमेश्वरो हि सर्वान्तरात्मावित्यादि**' परमेश्वर

र्यामिरूपेण तिष्ठितस्य परमेश्वरस्य शरीरतया जीवात्मनः प्रकारत्वेन जीवप्रकारकं परब्रह्मैव 'तत्त्वमसीतिवाक्यघटकत्वमिति शब्देन प्रतिपादितं भवतीति ज्ञातव्यम् 'परंब्रह्मच तद्वाच्यं त्वद्वाच्यं त्वच्छरीरकम्'

क्षमा दुःखसहनशक्तिः । ऋजुत्वमकौटिल्यम् । भयाभयस्थानविवेकौ । भगवत्कृपाप्राप्त एव भयाभयविवेकस्थानं ज्ञात्वा निर्भयो भवति । दया-परदुःखासहनशीलता । अहिंसा कस्मिन्नपि देशे काले पात्रे वा जीवस्यापीडनम् । एते आत्मगुणाः साधकस्य गुरूपदेशेन प्राप्तशास्त्रार्थस्य प्रादुर्भूता भवन्ति । एतादृशः साधकः शास्त्रप्रतिषिद्धानि कर्माणि परित्यजति तथा वर्णाश्रमनियमानुसारेण नित्यनैमित्तिकसन्ध्यावन्दनादिकर्माणि परमेश्वराराधनमेवेति कृत्वाऽनुतिष्ठति ।

ततः स साधकः परमेश्वरचरणे आत्मानमात्मीयपदार्थजालं समर्पयति तदाहुर्जगद्गुरवः श्रीगङ्गाधराचार्याः ।

'श्रृणोमिसीतापतिचित्रसत्कथां वदामिसीतापतिकीर्तिमक्षयाम् ।

श्रीरामजी सृष्टि के आदि काल से प्रवृत्ति तथा निवृत्ति में साधारण कारण शरीर तथा इन्द्रियादिकों का निर्माण कर देते है, तथा उन जीवों में ज्ञानेच्छा प्रवृत्यादिक शक्ति भी जीव में दे देते हैं। ऐसा कर के उन जीवों का निर्वाह अर्थात् योग क्षेम के लिये जीवों का आधार बन कर के तथा जीवों के अन्दर में प्रविष्ट होकर के अनुमन्तारूप से प्राणियों को नियन्त्रण करते हुए सर्व पदार्थों के शेषी बन कर के सर्वदा अवस्थित रहते है, तो ईश्वर से प्राप्त ज्ञानेच्छादि शक्ति वाला जीव समुदाय स्वेच्छा से स्वयमेव प्रवृत्यादिक कार्य को करते हैं। स्वेच्छा से सब कार्य को करते हुए जीव को देखते हुए परमेश्वर स्वंय सर्वथा सर्वदा उदासीन हो करके ही रहते हैं। इसलिये प्रवृत्ति निवृत्ति शास्त्र सार्थक होता हैं। शास्त्र में वैयर्थ्य नहीं होता है। यह तो सत्यं से लेकर एतन्तमूलका अक्षरार्थ हुआ भावार्थ तो यह है कि-परमेश्वर ने सभी जीवों को जानने की इच्छा करने की तथा प्रवृत्ति करने की शक्ति को दे रखी है। तथा जीवों को ज्ञानेच्छा और प्रयत्न करने की क्षमता सर्वदा वर्तमान रहे परमेश्वर की ऐसी नित्य इच्छा भी है। इसलिये जीवो में यह ज्ञानादिक शक्ति सर्वदा विद्यमान रहती है। एवं परमेश्वर जीवों को प्रवृत्ति करने के लिये शक्ति भी दिये हुए हैं। एवं जीव को ज्ञानादिकों का साधारण कारण जो शरीर तथा इन्द्रियादिक है, उसका भी प्रदान किया है। इन शरीरेन्द्रिय ज्ञानेच्छादिकों के बल से जीव किसी भी कर्म में प्रवृत्त हो सकता है तथा किसी अशुभादिक कर्मों से निवृत्त भी हो सकता है, अर्थात् प्रवृत्यादिक में जीव स्वतन्त्र है। इन सब साधारण कारण को देकर परमेश्वर चाहते हैं कि जीव जबचाहे तब प्रवृत्ति निवृत्ति करे, अगर जीव

इत्याचार्योक्तेः । ब्रह्मप्रकारभूतजीवान् जीवस्यात्मतयाऽस्थितस्य परमात्मनो निखिलदोषराहित्येन सत्यसङ्कल्पादिगुणाश्रयत्वेन च यत्पार्थक्यं तदनुसन्धेयमिति 'पृथगात्मानमिति वाक्यस्यविषयः । तथा

स्मरामिसीतापतिदिव्यविग्रहं वृणोमि सीतापतिभक्तिमुत्तमाम् ॥१॥
व्रजामिसीतापतिदिव्यमन्दिरं तथा च सीतापतिसत्प्रपन्नताम् ।
युनज्मि सीतापतिचिन्तनेमनस्तनोमिसीतापतिदाससङ्गतिम् ॥२॥
अवैमिसीतापतिमञ्जुबन्धुतां तथा च सीतापतिदिष्टभोग्यताम् ।
ततश्च सीतापतिनित्यधामदां करोमि सीतापतिभक्तिमुत्तमाम् ॥३॥
करोमिसीतापतिपाददासतां नमामि सीतापतिपादपङ्कजम् ।
पठामि सीतापतिकाव्यसंहतिं जपामि सीतापतिमन्त्रभूपतिम् ॥४॥
करोमि सीतापतिविग्रहार्चनं तथा च सीतापतिमूर्तिदर्शनम् ।

को आवश्यकता पडे तब जीव की सहायता भी की जाय। इसलिये जीव को जो साधन दिया गया है, उन साधनों को सफल बनाने के लिये जीव का आधार बनकर के जीव के अभ्यन्तर में प्रविष्ट होकर के जीव के अनुमन्ता होते हुए जीव के ऊपर परमेश्वर नियन्त्रण रखते हैं अर्थात् जीव के नियन्ता बने रहते हैं। इस तरह परमेश्वर आंशिक नियमन करते हुए जीव के आधार तथा जीवों के स्वामी बन कर के रहते हैं, और जीव शरीरादिक साधन को प्राप्त कर के स्वकीय इच्छा से शुभाशुभ कर्मो में प्रथमतः प्रवृत्त होता है उस प्राथमिक प्रवृत्ति के समय में परमेश्वर उदासीन हो करके रहते हैं अर्थात् उपेक्षक बन कर के रहते हैं तब प्रथम प्रवृत्ति के फल स्वरूप द्वितीय प्रवृत्ति में परमेश्वर स्वकीय अनुमति देकर प्रवृत्ति में शिथिलता को हटा कर के उसको जीव को फलतक पहुंचा देते हैं, इसी को परमेश्वर का अनुमन्तृत्व कहते हैं। सामान्य रूप से परमेश्वर शास्त्र द्वारा अहित कर्म से निवृत्त होने के लिए उपदेश देते हैं परन्तु उस उपदेश को मानना अथवा नहीं मानना यह तो जीव की इच्छा पर आधारित है, जो जीव शास्त्र से निषेधाज्ञा को समझ कर के पाप कर्म से निवृत हो जाते हैं उनके विषय में निषेध शास्त्र सफल होता है, और जो जीव शास्त्र के द्वारा सत्कर्म भगवद् भजनादिक करने में भगवान् की आज्ञा को जान कर के शुभ कर्म में प्रवृत्त होता है उस जीव के विषय में विधिशास्त्र सफल होता है। कदाचित शास्त्र की आज्ञा के उल्लङ्घन करने वाले व्यक्ति के विषय में विधिनिषेध शास्त्र उपयोगी न भी बने परन्तु आज्ञापालक जीव के विषय में तो सफल होता ही है। यदि किसी भी जीव के विषय में सफल नहीं होता तब शास्त्र में

सति न कस्यापि वाक्यस्य परस्परं विरोधो भवतीत्येवं द्वैतवाक्यस्याद्वैत-वाक्यस्य समन्वयं कृत्वाद्वैतमद्वैतं तदुभयं च वेदान्तवेद्यमिति।

गुणाब्धिसीतापतिनामकीर्तनं परेशसीतापतिपादवन्दनम् ।।५।।

भजामि सीतापतिमेव केवलं रटामि सीतापतिमेव केवलम् ।

श्रयामि सीतापतिमेव केवलं प्रयामि सीतापतिमेव केवलम् ।।६।।'

इत्यादिरूपेण भगवन्तं नमस्करोति वन्दते नमस्करोति, भगवत्सेवार्थमेव कर्माणि कुरुते, भगवत् कीर्तनं तद्गुणश्रवणंध्यानार्चनादिकमेवसततं करोति । ततस्तस्य साधकस्य भगवत् चरणे भक्तिर्जायते, ततो भगवान् प्रसीदति, ततस्तस्य भक्तस्य मनसि विद्यमानं तमोपि विनश्यति प्रेमप्रकाशश्च जायते, ततश्च भगवत्कृपया स साधकः परमप्राप्तोभवतीति भगवद्भक्तिरेव मोक्षसाधिकेति स्थितम्, विशेषतोऽयमर्थः सत्सम्प्रदायानुसारेणैव सद्गुरुसेवया ज्ञातव्यः सम्प्रदायावगममन्तरेण विलक्षणार्थस्य ज्ञानासंभवादिति संक्षेपः ।

ततो विशुद्धान्तःकरणस्य साधकस्य भक्तियोगसम्पादनेऽधिकारः प्राप्तो भवति, कृतप्रायश्चित्तस्य साधकस्य वाजपेयादावधिकारवत् । ततश्चताद्दशः साधकः ऐकान्तिकात्यन्तिकभक्तियोगे प्रवृत्तो भवति, स एवैकान्तिको भक्तियोगो भगवन्मात्र

आनर्थक्य दोष होता, ऐसा तो है नहीं परन्तु आज्ञा मननेवाले के विषय में तो शास्त्र सफल बनता है इसलिये विधि निषेध शास्त्र में वैयर्थ्य दोष नहीं होता है इस प्रकार से शास्त्र में जो कि प्रवर्तक निवर्तक हैं उन में आनर्थक्य दोष का निराकरण कर दिया।

उपनिषद् में जो कहा गया है कि भगवान् ही जीवों से पुण्य पाप कर्म करवाते हैं तो इसमें ईश्वर में वैषम्यादिक दोष होता है । इसका निराकरण करने के लिये कहत हैं कि '**एष एव साधुकर्मकारयतीत्यादि**' यह जो श्रुति है वह जीवमात्र के कारयितृत्व विषयक नहीं है। किन्तु भक्त अभक्त पुरुष विषयक है सर्व साधारण पुरुष विषयक नहीं है इसका अभिप्राय यह है कि जो जीव व्यक्ति परमेश्वर के अत्यन्त अनुकूल होकर के रहता है कभी भी भगवान् का प्रतिकूलाचरण नहीं करता है किन्तु अनुकूल आचरण ही करता है, ताद्दश व्यक्ति के अनुकूल आचरण से खुश प्रसन्न होकर के परमात्मा उस अनुकूलाचरण के फलस्वरूपउस व्यक्ति को आत्मकल्याण के मार्ग में प्रवृत्ति करने के लिये सद्बुद्धि का प्रदान करते हैं। (क्योंकि प्रवृत्ति में प्रथमतः ज्ञान को कारणत्त्व है।) तथा उस व्यक्ति को कल्याण कार्य भगवद् भजनादिक में प्रवृत्त-प्रेरित करते है । भगवान् किसी से सत्कर्म कराते हैं ऐसा जो कहा गया है वह इन व्यक्तियों के विषय में अर्थात् अनुकूलाचरण करने वाले व्यक्तियों के विषय में कहा गया है किन्तु सर्व साधारण व्यक्तियों के विषय में नहीं कहा गया है. और जो भगवान् के प्रति सर्वदा अत्यन्त प्रतिकूल होकर के ही रहता है तथा सर्वदा भगवान् के

॥ भोक्ताभोग्येत्यादिश्रुतिनिर्वचनम् ॥

'भोक्ताभोग्यं प्रेरितारं च मत्वा' इत्यत्र भोग्यलक्षणस्य सकलजडपदार्थस्य प्रकृतितत्कार्यस्याचेतनत्वं पारमार्थिकत्वं प्रतिक्षण-

विषयकोनान्यविषयकः । आत्यन्तिकस्तु स भक्तियोगो यो हि फलानुभवसमये विनष्टो न भवति, अपितु फलानुभवकालेऽपि तिष्ठत्येव, कार्यस्योपादानकारणवत्, यथा मृज्जातघटात्मकफलानुभवकालेऽपि मृत्तिका नो याति किन्तु स्थितैव भवति तद्वत् प्रकृतेऽपि, एताद्दशभक्तियोगेन भगवान् श्रीरामः प्राप्तो भवति न प्रकारान्तरेण प्राप्यते इति प्रकृतप्रकरणवचनस्याशयः ।

भक्तियोगे ज्ञानयोगकर्मयोरुभयोरप्यावश्यकता विद्यते इति दर्शयितु श्रुत्यादिवचनान्युदाहरति-तदाह श्रुतिरित्यादि । 'विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह । अविद्ययामृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते' इति । अयमर्थः-सद्गुरुणोपदेशमवाप्य विद्याम्

प्रतिकूल आचरण ही करता रहता है तो ताद्दश व्यवहार के ताद्दश प्रतिकूलाचरण से भगवान् अप्रसन्न हो कर के ताद्दश व्यवहार के फल स्वरुप उस व्यक्ति को क्रूर बुद्धि का प्रदान कर के उस व्यक्ति को क्रूर कर्म में हिंसादिक कार्यों में प्रवृत्त कराते हैं। एताद्दश प्रतिकूलकारी व्यक्तियों के विषय में उपनिषद् में कहा गया है कि भगवान् असत्कर्म करने में प्रवृत्त करा देते हैं किन्तु उपनिषद में ताद्दश कथन सर्व व्यक्ति विषयक नहीं है किन्तु भगवान् के प्रति प्रतिकूलाचरण करने वाले व्यक्तियों के विषय में कहा गया है। इसलिये श्रुति में जो भगवान् को सर्वप्रेरक कहा है-उसका अभिप्राय यह है कि भक्त को शुभ कर्म में प्रवृत्त कराते हैं तथा अभक्त को अशुभकर्म में प्रवृत्त कराते हैं अतः वैषम्यादिक दोषों का समावेश नहीं होता है।

इस विषय का प्रतिपादन भगवान् ने गीता में किया है, इस चीज को बतलाने के लिये कहते हैं-'**तदुक्तं गीतायां भगवता कृष्णेन**' इति. उपनिषत् के अभिप्राय का वर्णन जो आचार्यपाद ने किया है उसको पुष्ट करने के लिये कहते हैं यथोक्त श्रुति का यथोक्त व्याख्यान मैंने किया है वह मेरा कल्पना मूलक नहीं है किन्तु इसी आशय का वर्णन भगवान् श्रीकृष्णचन्द्र ने भी गीता में किया है

'तेषां सतत युक्तानानां भजता प्रीतिपूर्वकम् । ददामि बुद्धियोगं तं येन मामुपयान्ति ते ।।
तेषामेवानुकंपार्थमहमज्ञानजं तमः । नाशयाम्यात्मभावस्थो ज्ञानदीपेन भास्वता ।।
तानहं द्विषत क्रूरान् संसारेषु नराधमान् । क्षिपाम्यजस्त्रमशुभानासुरीष्वेव योनिषु ।।'

जो सरलाचरण करनेवाले भक्त हम परमेश्वर में [illegible] मिलकरके रहने की इच्छा रखते

विकारित्वमित्यादिस्वभावः । भोक्तुर्जीवस्य स्वभावतः सकलमलरहितज्ञानानन्दस्वभावस्यापि कर्मलक्षणाविद्याकृतज्ञानसंकोचविकाशः, भोग्यरूपाचेतनसम्बन्धः परमात्मोपासनया मोक्षभागी चेत्यादि-

ब्रह्मोपासनात्मिकामङ्गिरूपाम् कर्मविद्ययोः परस्परविरोधं निरस्य विद्याऽविद्ययोरङ्गाङ्गिरूपयोः सहानुष्ठानयोग्यं ज्ञात्वाऽनुतिष्ठति स विद्याङ्गभूतनिष्कामकर्मानुष्ठानेन विद्योत्पत्तिप्रतिबन्धकपूर्वकालिकदुरितकर्मलक्षणमृत्युं तीर्त्वा विनाश्य प्राप्तब्रह्मोपासनलक्षणया विद्यया अमृतं ब्रह्मभावमश्नुते आसादयति मुक्तो भवतीति । मन्त्रेऽस्मिन् अविद्यापदेन विद्याभिन्नं वर्णाश्रयादिविहितं शुभकर्मकथितं भवति, तादृशकर्मणां विद्येतरत्वात् । तथा विद्यापदेनभक्तिरूपप्राप्तमनुध्यानं लक्षितं भवति, एतादृशानुध्यानमेव ब्रह्मोपासनमित्याचार्योक्तेः ।

हैं तथा मेरे परमेश्वर के भजन पूजनादिक कार्यों में सर्वदा संलग्न रहते हैं यादृश महानुभाव व्यक्तिया को हम परिपाक दशा में प्राप्त उस बुद्धियोग का प्रदान करते है तादृश बुद्धियोग के द्वारा वे भक्तलोग हम को प्राप्त कर जाते हैं। हम उन भक्तों के उपर अनुग्रह कृपा करने के लिये उनलोगों की अन्तः करण वृत्ति में अवस्थित होकर के स्वकीय अपहत पाप्मत्वादिक कल्याण गुणों का परिचय करा करके मेरे परमेश्वर के विषय में होनेवाले देदीप्यमान ज्ञानरूप प्रदीप से ज्ञान का विरोधी पूर्व पूर्वतर जन्मान्तरार्जित कर्म रूप अज्ञान से होने वाले विषय में आसक्ति रूप अन्धकार को नष्ट कर देते हैं । और हम परमेश्वर से सदा द्वेष रखनेवाले अशुभ अतिक्रूर नराधम को संसार में असुरयोनियों में गिरा देते हैं मै उनको क्रूर बुद्धि देकर उसके द्वारा अतिक्रूर हिंसादि कार्य करा कर आसुरयोनि तक पहुचा देता हूं। प्रथम दो श्लोक में तो भगवान् ने अनुकूल व्यक्ति को क्या करते हैं इस बात को बतलाया तथा तृतीय श्लोक में प्रतिकूल व्यक्ति के विषय में कहा है। इससे यह सिद्ध होता है कि परमेश्वर अतिन्याय कारी हैं, भगवान् न्यायकारी तो हैं ही साथ साथ अतिदयावान् भी हैं, क्योंकि पूर्वकालिक अनेक जन्मों से सर्वदा पाप करनेवाला अपराधी जीव भी उन पाप कर्मों से निवृत्त होकर क्षमा की प्रार्थना करता है भगवान् की शरण में जाता है तो भगवान् उनके अनन्त अपराध को भूल कर के उन के कल्याण मार्ग को परिष्कृत कर देते हैं भगवान् अयोध्या पति की ऐसी प्रतिज्ञा है '**सकृदेव प्रपन्नाय तवास्मीति च याचते । अभयं सर्वभूतेभ्यो ददाम्येतद् व्रतं मम ।**' इति। पूर्वोक्त इस विवेचन से यह सिद्ध होता है कि जीव भगवान् के अधीन होकर के भी किस प्रकार विधि निषेध में अधिकारी होता है अतः उक्ताशङ्कावसर प्रकृत में नहीं है इसके पूर्व प्रकरणों में सर्व भक्त प्राप्य जो भगवान् हैं उनके स्वरूप का गणादिकों

स्वभावः, एतादृशभोक्तृभोग्ययोरन्तर्यामित्वरूपेणावस्थितिः । तथा स्वरूपतोऽसंख्येयकल्याणगुणाधिकरणतयाऽवस्थानमिति परमेश्वरस्य त्रिविधावस्थानमित्यादिस्वभावः । अयमेवार्थः प्रकृतश्रुतेर्नतु द्वैताद्वैतमतप्रतिपादकत्वम् ।

मन्त्रेऽस्मिनविद्याशब्दः कर्मवाचकस्तत्र प्रमाणं दर्शयति-इयाज सोऽपि सुबहून् यज्ञान् ज्ञानव्यपाश्रयः । ब्रह्मविद्यामधिष्ठाय तर्तुं मृत्युमविद्ययेति । स राजा जनकः शास्त्रजनितज्ञानं प्राप्य ब्रह्मप्राप्त्युद्देशेन ब्रह्मज्ञानप्रोप्तौ प्रतिबन्धकपूर्वकालिकानेककर्मराशीन्, अविद्याविद्यांगभूतनिष्कामकर्मणा विनाशयितुमनेकविधान् यज्ञान् बाजपेयादिकान् कामनाविरहितान् संपादयामासेत्यर्थः । अनेन वचनेन ब्रह्मविद्याङ्गतया कर्माणि कर्तव्यानीत्येवव्यञ्जितम् ।

वेदान्तेऽपि ब्रह्मज्ञानस्य मोक्षसाधनत्वं प्रतिपादितम्, तथाहि-तमेव विद्वानमृत इह भवति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय **तं परमात्मानम्, एवं शास्त्रक्रमेण विद्वान्** जानन् साधकः, **इहैव, एतस्मिन्नेव जन्मनि, अमृतो ब्रह्मप्राप्तो भवति, एतदन्यो ब्रह्मज्ञानव्यतिरिक्तः प्रकारो**

का तथा जीवादिक कतिपय पदार्थों का निरूपण किया गया। इसके बाद सर्वेश्वर श्रीसीतानाथजी किसको प्राप्त होते हैं तथा भगवत् प्राप्ति का उपाय-कारण क्या है ? तथा किस को किस प्रकार से प्राप्त होते हैं तो अब उपाय तथा अधिकारी प्रभृति कतिपय साम्प्रदायिक तत्वों का इतरमत निराकरण पूर्वक विचार करने के लिये आचार्यजी उपक्रम करते हैं '**सोयं परम कृपालुः परम पुरुषो ब्रह्म भूतः श्रीसीतानाथोध्यानादि**' इत्यादि वह यह परम कृपालु परमपुरुष ब्रह्म स्वरूप सर्वेश्वर श्रीसीतानाथ स्वकीय अनुध्यान स्वरूप अनन्य भक्ति के द्वारा ही लब्ध प्राप्य होते हैं। अधिकारी विशेष का कथन करने के लिये कहते हैं '**यो हि काम्य निषिद्ध**' इत्यादि जो अधिकारी काम्य कर्म ज्योतिष्टोमादिक तथा कलंज भक्षणादिक निषिद्ध कर्मो का परित्याग पूर्वक निष्काम कर्म का अनुष्ठान करने से पूर्वजन्म कृत पापकर्म का नाश हो जाने से अन्तः करण में निर्मलता हो गई है जिसको ऐसा अधिकारी गुरुके समीप में जा कर के गुरु से उपदेश को प्राप्त कर के तदनन्तर भगवान् के ध्यान अर्चनादिकों से भगवान् की भक्ति तो प्राप्त करता है। इस भक्ति के द्वारा एतादृश भक्तिमान् अधिकारी से परमात्मा प्राप्त होते हैं। तो परमात्म प्राप्ति का उपाय भक्ति है किन्तु भक्ति भिन्न केवल ज्ञान केवल कर्म समुचित ज्ञान मोक्ष का उपाय नहीं है।

इस का सम्प्रदाय सिद्ध भावार्थ तो ऐसा होता है- तथाहि यद्यपि केवलाद्वैती आदि के मत का खण्डन न करते हुए संक्षेप से उपाय स्वरूप का प्रतिपादन जगदाचार्यजी ने किया है तथापि

ψ सद्विद्यायाः सगुणत्वनिर्वचनम् ψ

छान्दोग्ये सद्विद्यायां सगुणमेव ब्रह्मसमुपास्यं तथा सगुणब्रह्म प्राप्तिरेव परममोक्षरूपं फलम् । न तु सद्विद्यानिर्गुणब्रह्मविद्यातथा तादृशब्रह्मप्राप्तिर्वामोक्षः । इत्थमेवानन्दभाष्यकारप्रभृतिपूर्वाचार्यै व्याख्यातम् । एतावता एतदेवफलति यत् सगुणैव सद्विद्या सगुणं ब्रह्मैवोपास्यं सगुणब्रह्मप्राप्तिरेव मोक्षः ।

मार्गोऽयनाय मोक्षप्राप्तये न भवति, अर्थात्-यदि मोक्षो भवति तदा ब्रह्मज्ञानेनैव भवति न तु तदतिरिक्तप्रकारेणेति, अर्थात् यथा तन्तुव्यतिरेकण पटो न भवति, यदि भवति तदा तन्तुभिरेव जायते, तद्वत् प्रकृते ब्रह्मज्ञानमेव मोक्षसाधनम् । (अर्थात्-यथा 'धनवान् सुखीत्यादि स्थले धनवन्तमुद्दिश्य सुखस्य विधानं क्रियते तत्रोद्देश्यतावच्छेदकोभूतधनप्रयो- ज्यत्वं सुखरूपविधेये प्राप्यते, उद्देश्यतावच्छेदकप्रयोज्यत्वस्य विधेये लाभो भवतीति व्युत्पत्ते । तत्र तथा धनसुखयोः कार्यकारणभावोऽर्थात् प्राप्यते इति न धनाभावे सुखं किन्तु धनसद्भावे एव सुखम् । तद्वत् प्रकृते विद्वान् इत्यत्र ज्ञानस्योद्देश्यतावच्छेदकतया तज्जन्यत्वं मोक्षे व्यवस्थितमिति भवति ब्रह्मज्ञानमोक्षयोः कार्यकारणभावः । अतः श्रुतौ

विस्तार पूर्वक उपाय स्वरूप के प्रतिपादन करने के लिये उपक्रम करते हैं '**सोऽयं परम कृपालुः**' इत्यादि । अधोलिखित प्रकार का अधिकारी अनन्य भक्ति के द्वारा परमपुरुष परमात्मा को प्राप्त करता है। वह अधिकारी कौन है ? इसके उत्तर में कहते हैं '**योऽहि काम्य निषिद्ध कर्म**' इत्यादि जो साधक निष्कामभाव से फलेच्छा रहित हो करके शुभ कर्म का अनुष्ठान करता है तादृश कर्मानुष्ठान से उसका अनेक जन्म कृत पाप कर्म का विनाश हो जाता है। तब उस साधक को संसार सागर से अनभिरति संज्ञक वैराग्य हो जाता है तथा श्रीचरण की प्राप्ति की प्रवल इच्छा उदित होती है। तब वह साधक मोक्ष का साधन निर्विघ्न संपन्न हो इसलिये श्रीचरण की शरण में जाता है तथा भगवान् के अभिमुख हो जाता है। तदनन्तर वह साधक आचार्य गुरु की शरण में जाता है, तथा जा कर के नियमानुसार सदुपदेश का ग्रहण करता है। तब उस साधक को आचार्योपदेश से अधीत अनधीत सकल शास्त्रार्थ ज्ञान यथार्थरूप से भ्रम संदेह रहित होकर के हो जाता है। अर्थात् शास्त्र के अर्थ में संदेह भ्रम नहीं रहता है। भ्रम दो प्रकार का होता है, धर्मभ्रम तथा धर्मिभ्रम जैसे 'पीतः शङ्खः' यहां धर्म का भ्रम है अर्थात् शंख श्वेत होता है पर कामला रोग ग्रस्त पुरुष को पीला दिखता है यहां पीलापन मात्र का भ्रम है शङ्ख का तो यथार्थ ज्ञान ही

ψ ब्रह्मणः प्रेरकत्वेप्रवृत्तशंकासमापनम् ψ

पूर्वप्रकरणे प्राणिमात्रस्य परब्रह्मान्तर्यामी तथा परमेश्वरः सर्वस्यैव नियामको भवतीत्यपि कथितम् । ततश्च 'स्वर्गकामोयजेत' 'न कलंजं भक्षयेत्' इत्यादिविधिप्रतिषेधशास्त्रं निरर्थकं स्यात् । यतो योहि बुद्ध्या

नान्यः पन्था विद्यतेऽयनायेति स्थितमिति संक्षेपः ।) तथा य एनं विदुरमृतास्ते भवन्ति यः साधकः एनं जगतोऽभिन्ननिमित्तोपादानभूतं हेयप्रत्यनीकसकलानन्तकल्याणगुणाकरं मोक्ष दंशरण्यं विदुर्जानन्ति ते साधका अमृता ब्रह्मभावं प्राप्ता भवन्तीत्यर्थः ।

ब्रह्मविदाप्नोतिपरम् यो हि साधको ब्रह्मवित् अर्थात् ब्रह्मज्ञानवान् भवति प्रत्यक्षसमानाकारकानुध्यानबलात् मुक्तो भवतीत्यर्थः । यो ह वै तत्परमं ब्रह्मवेद यः साधकोऽनुध्यानेन परमात्मानं वेद विजानाति स मुक्तो भवतीत्यर्थः । ब्रह्मवेद ब्रह्मैव भवति योहि साधको ब्रह्म परमात्मानं स्वरूपतो गुणतो वेद सामान्यतो विजानाति स साधको

होता है। एवं शुक्ति का में जो रजत भ्रम होता है वह धर्मी का भ्रम है, यहां शुक्ति का रूप धर्मी के बदले रजतरूप धर्मी जाना जाता है। एतादृश उभयप्रकारक भ्रम साधक को नहीं रहता है। परन्तु साधक गुरुजी के उपदेश से शास्त्र के सूक्ष्म अर्थ को अथार्थ रीति से जान कर के स्व स्वरूप तथा पर स्वरूप लक्षण अर्थ को मन में निश्चित कर लेता है। तब साधक को प्रतिदिन शमदमादिक आत्मगुण विकसित होने लगता है। तथाहि अन्तर इन्द्रियनिग्रह को शम कहते हैं और चक्षुरादिक पांच ज्ञानेन्द्रिय तथा वाक् पाण्यादिक पांच कर्मेन्द्रिय के निग्रह को दम कहते हैं, उक्त साधक को बाह्य आभ्यन्तर निग्रह लक्षण आत्मगुण विकसित हो जाता है । तथा यथोक्त शास्त्र विहित चान्द्रायण तथा कृच्छ्र प्रभृति तप करता है। शौचः वह मन वाणी तथा शरीर को शुद्ध रखता है। क्षमा-दुःख सहने की शक्ति रखता है। आर्जव-सर्वदा सीधा सादा रहता है। कुटिलता नहीं रखता है। '**भयस्थान विवेक**' भगवान् की आज्ञा का लंघन करना तथा भगवदपचार इत्यादि भयस्थान है, इससे डरते रहना चाहिये, इस बात को यथोक्त साधक खूब जानता है। अभयस्थान विवेक भगवान् सदा सब का रक्षक है एतादृश ज्ञान से अभय प्राप्त होता है, जो परमेश्वर के अनुग्रह का पात्र बन जाता है वह अभय का पात्र बन जाता है इस बात को यथोक्त साधक यथावत् समझ लेता है। दया-वह साधक परकीय दुःख के उद्धार के लिये सदा प्रयतमान रहता है। अहिंसा वह किसी भी प्राणियों का वध वा दुःखजनक व्यापार नहीं करता हैं। शमादिक अनेक अहिंसान्त अनेक आत्मगुण उस साधक को उत्पन्न होता है। (इस स्थिति में विद्यमान साधक को अभिलक्ष्य कर के जगद्गुरु श्रीतुलसीदासजी ने कहा है कि 'सिमिट सिमिट जल भरहि तलावा । जिमि

कार्यं करोति स कस्यांचिदुपदेशात्कुत्रचित्प्रवर्तते निवर्तते च कुतश्चित् । इह तु सर्वोऽपि परमेश्वरपरतन्त्रः परमेश्वरेच्छयैव प्रवर्तते निवर्तते चेति तस्य शास्त्रं किंकरिष्यतीति विधिनिषेधशास्त्रं निरर्थकं स्यात् । श्रुतिरपिस र्वस्य कारयितृत्वं परमेश्वरस्यैव वदति । 'एष एव साधुकर्मकारयति तं

दुभयवाक्ययोरैकमत्यं स्थापयितुं मोक्षसाधनं ध्यानविशेषलक्षणमेव ज्ञानं न तु सामान्यज्ञानं मोक्षसाधनमिति । अग्रिममन्त्रोध्याने विशेषाकारतां प्रतिपादयतीति दर्शनायाह नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन । यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूंस्वाम् अस्यायमर्थः-अयमात्मा परमेश्वरः प्रवचनेन प्रेमरहितकेवलश्रवणेन नलभ्यः प्राप्तो न भवति, न वा मेधया वहुना श्रुतेन वा लभ्यो भवति किन्तु यमधिकारिविशेषं वृणुते स्वीकरोति, अर्थात् यं प्रति स्वस्वरूपमाविष्कर्तुमिच्छति । तदग्रे एव स्व स्वरूपं प्रकाशयति यद्यपि प्रकृतवचनेन 'नायमात्माप्रवचनेन' 'श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः' इत्यादिश्रुत्या प्रतिपादितश्रवणमनननिदिध्यासानां यत् मोक्षोपायत्वं तन्निषेधतीवाभाति, तथापि 'नायमात्मा

में स्वकीयात्मीय पदार्थों को समर्पित करके भगवान् से निवेदन करता है कि मैं तथा मेरा कहे जाने वाला पदार्थ समुदाय वस्तुतः मेरा नहीं है ये सब आपका है और मैं भी आपका ही दास हूं इनकी रक्षा से होनेवाले जो फल है उसका प्रधान भोक्ता आप ही हैं मैं नहीं हूं।

इस साधक को शास्त्र से भगवत्तत्व प्रभृति के समझते समय से लेकर श्रीभगवान् के चरण कमल में भक्ति स्थिर रहती है। साधनानुष्ठान के बढनेवाली भगवान् की भक्ति से प्रेरित होकर के वह साधक भगवान् की स्तुति करता रहता है, श्रीराम का गुणानुवाद करना उसका स्वभाव बन जाता है, वह भगवान् का स्मरण नमस्कार वन्दन सतत करता रहता है एवं भगवान् के लिये पुष्पवाटिका आदि के लिये उद्योग करने में उस साधक को विलक्षण आनन्दानुभव होता है। भगवन्नाम का कीर्तन भगवान् के कल्याण गुणों का श्रवण प्रवचन श्रीचरण का निरन्तर ध्यान अर्चन तथा प्रणाम आदि करने में वह अपने को कृतकृत्य तथा कृतार्थ समझता है। इस प्रकार वह साधक भगवत् भक्ति से प्रेरित होकर साधनानुष्ठान करता रहता है उसके ऊपर परमकारुणिक पुरुषोत्तम भगवान् श्रीरामजी प्रसन्न हो जाते हैं। परम पुरुषानुकंपा के प्रभाव से इस भक्त साधक के मन में अनादि भव परंपरा से रहनेवाला जो रजो गुण तमोगुण स्वरूप गाढान्धकार है वह अन्धकार सर्वदा के लिये विनष्ट हो जाता है। तब मन का मालिन्य विनष्ट हो जाने पर उस साधक का मन प्रेम प्रकाश से ओत प्रोत हो जाता है मेघ मुक्त शरत्कालिक चन्द्रबिम्ब की तरह। इसके बाद वह साधक निर्मल मन से श्रीभगवान् के

